www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 212 || अम्बेडकरनगर
रविवार
27 अक्टूबर 2024 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:12
सूर्यास्त: 05:28
अधिकतम: 32°00
न्यूनतम: 23°00



पेज 07

विशेष समाचार | भारत-चीन को साथ लेकर... >> पेज 04 | सीसामऊ सीट पर भाजपा... >> पेज 06 | 50 साल की हुई रवीना...


# भारत-चीन सीमा पर 2 वजहों से समझौता : एस जयशंकर

## पहला-हम अपनी बात पर अड़े रहे, सेना डटी रही, दूसरा- कूटनीति काम आई

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी

पुणे । भारत-चीन के बीच LAC पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। पहला- हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही। सेना ने अपना काम किया। दूसरा- कूटनीति ने अपना काम किया। दरअसल, भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। >> (शेष पेज 06 पर)



विदेश मंत्री एस जयशंकर शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में शामिल हुए।

### गलवान में 15 जून 2020 को झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए

15 जून 2020 को चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगह पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं। भारत सरकार ने भी इस इलाके में चीन के बराबर संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे। हालात इतने खराब हो गए कि LAC पर गोलियां चलीं।



गलवान घाटी-गोगरा हॉट स्प्रिंग्स पर पेट्रोलिंग पर अभी फैसला नहीं



"जयशंकर ने कहा- मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है। विदेश मंत्री ने यह बात शनिवार को पुणे के एक कार्यक्रम में कही।

# साइक्लोन 'दाना' से बंगाल में अबतक 4 लोगों की मौत

## ओडिशा में 1.75 लाख एकड़ में फसल बर्बाद

**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी

भुवनेश्वर। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन 'दाना' शनिवार रात तक पूरी तरह बेअसर हो जाएगा। तूफान के चलते पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान, दक्षिण 24 परगना, कोलकाता और हावड़ा में 4 लोगों की मौत हो गई है।

ओडिशा में किसी की जान नहीं गई, लेकिन बारिश और तूफान से 1.75 लाख हेक्टेयर इलाके में फसल बर्बाद हो गई है। ओडिशा के CM मोहन चरण मांझी ने बताया कि तूफान से पहले 8 लाख लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया था।



■ बिहार-झारखंड में बारिश जारी, टेम्परेचर गिरा

दाना का असर आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भी पड़ा। बिहार और झारखंड में बारिश जारी है। झारखंड में तापमान 6 डिग्री गिर गया है। अगले 24 घंटे तक बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में बारिश का अनुमान है। >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### ट्रक बाइक पर पलटा, पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

सेंधवा। बड़वानी में ट्रक ने गाय को टक्कर मारी, फिर बाइक सवार और राहगीरों पर पलट गया। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में पिता-पुत्र, भतीजा और पड़ोसी शामिल हैं। ट्रक चालक और उसका साथी फरार हो गए।

संतुष्टि | प्रसन्नता

### राहुल गांधी दिल्ली के एक सलून में पहुंचे

नई दिल्ली । राहुल गांधी ने शुक्रवार को X पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे दिल्ली के एक सलून पर पहुंचे। वे यहां शेविंग करवाते नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ राहुल ने लिखा- 'कुछ नहीं बचता है' आज के भारत के हर मेहनतकश गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति की कहानी बयां करते हैं। यह सलून अजीत चलाते हैं। उन्होंने राहुल को बताया कि कैसे वे दिनभर काम करते हैं ताकि दिन के आखिर में कुछ पैसे बचा सकें। अजीत ने यह भी कहा कि राहुल से अपनी कहानी बताने के बाद उन्हें खुशी और संतुष्टि महसूस हुई।

### गैंगस्टर लॉरेंस के कस्टडी से इंटरव्यू केस में 7 सस्पेंड

पंजाब। गैंगस्टर लॉरेंस के जेल से इंटरव्यू मामले में सरकार ने आरोपी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित SIT ने 7 अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कोताही व लापरवाही का आरोपी माना।

# सरकार की सोशल मीडिया प्लटफॉर्म्स को एडवाइजरी


## फर्जी धमकियों को हटाने और एक्शन लेने को कहा

**एक्शन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एडवाइजारी जारी की है। डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स को लगातार मिल रहीं फर्जी बम धमकी मामले में ये एक्शन लिया गया है।

केंद्र ने कहा कि इस तरह की फर्जी बम धमकियां देश की आर्थिक सुरक्षा को भी अस्थिर करती हैं। साथ ही सार्वजनिक व्यवस्था, एयरलाइंस ऑपरेशन, हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा को बड़े स्तर पर बाधित करती हैं। 25 अक्टूबर को सिविल एविएशन मिनिस्टर राममोहन नायडू ने कहा था कि केंद्र सरकार झूठी बम धमकियां देने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है। उनके खिलाफ कानूनी एक्शन लेने की तैयारी योजना बनाई जा रही है। फर्जी धमकी देने वालों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जाएगा। >> (शेष पेज 06 पर)



■ 13 दिन में 300 पार हुआ फ्लाइट में फर्जी धमकी का आंकड़ा

# जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे : सरकार्यवाह

## योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान को आरएसएस का समर्थन

**अपील**

■ होसबोले ने कहा- कई जगहों से धर्मांतरण के मामले आ रहे हैं। दुर्गा पूजा और गणेश विसर्जन के समय हमले भी हुए हैं। हिंदू समाज अपनी रक्षा करे और संगठित होकर रहे।

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यानी RSS ने सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान का समर्थन किया है। मथुरा में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हिंदू समाज एकता में नहीं रहेगी तो आजकल की भाषा में 'बंटेंगे तो कटेंगे' हो सकता है। उन्होंने कहा- समाज में अगड़ा-पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे। इसलिए एकता जरूरी है। हिंदू समाज की एकता लोक कल्याण के लिए है। >> (शेष पेज 06 पर)



"केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड हुई। 1000 स्वयंसेवक सेवा के लिए उतरे। हिंदू-मुस्लिम सबकी समान रूप से मदद की गई। मुस्लिम लोगों की मृत्यु हुई तो उनकी मान्यताओं के अनुसार स्वयंसेवकों ने उनका अंतिम संस्कार किया - होसबोले



### योगी के बयान का पीएम ने भी समर्थन किया था

सीएम योगी ने पहली बार इसी साल 27 अगस्त को आगरा में कहा था- राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं। राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हम एक होंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए...बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे। सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे। इसके बाद पीएम मोदी ने 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के ठाणे और वाशिम में विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास के बाद हुई जनसभा में कहा था- उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे।

# महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की दूसरी लिस्ट में 22 नाम

## सिर्फ एक ही महिला को टिकट, पहली लिस्ट में 99 नाम थे

महायुति में शामिल भाजपा 121, शिवसेना शिंदे 35 और एनसीपी अजित 38 यानी 194 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित की अभी एक-एक लिस्ट जारी हुई है।

**घोषणा**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने शनिवार शाम अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें 22 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने पहली लिस्ट में 99 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। अब तक 121 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हो चुका है। पार्टी की दूसरी लिस्ट में केवल एक महिला उम्मीदवार है। नासिक मध्य से पार्टी ने देवयानी सुहास फरांदे को टिकट दिया है। दूसरी लिस्ट एसटी की 3 और एससी की 2 सीटें हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



### बीजेपी की पहली लिस्ट में 99 नाम

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 अक्टूबर को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए थीं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया था। लिस्ट में 79 मौजूदा विधायकों को दोबारा टिकट मिला। सभी 10 मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भी चुनाव लड़ेंगे। 5 विधायकों के टिकट कटे हैं। सूची में किसी मुस्लिम प्रत्याशी का नाम नहीं था।

### बीजेपी की दूसरी लिस्ट, 22 नाम

*मुंबई में 16 विधायकों में से 14 को दोबारा टिकट दिया। 2019 में भाजपा का समर्थन करने वाले 3 निर्दलीय विधायकों को भी टिकट मिला है। डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी से लड़ेंगे।*

# होटलों को बम की धमकी


## गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के 2 होटल को मेल मिला, जांच में फेक निकला

**जांच**

तमसा संकेत, एजेंसी

हैदराबाद। गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं।

राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। सायबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया। दोनों होटलों में बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। >> (शेष पेज 06 पर)



### 3 होटलों को बम की धमकी मिली थी

तिरुपति के 3 होटलों को बम की धमकी वाले ईमेल 25 अक्टूबर को भी मिले थे। लीलामहल, कपिलतीर्थम और अलीपिरी के पास के 3 होटलों को भी ड्रग माफिया जाफर सादिक से जुड़ा मेल भेजा गया था। सभी होटलों को खाली करवाकर जांच की गई थी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

मेल में लिखा था कि होटल की पाइपलाइन में सल्फर से बना आईईडी बम रखा गया है। मेल में आगे लिखा था कि सुबह 10.35 बजे तक होटल खाली करें। बम का डिएक्टिवेशन कोड 4566 है। ये सिस्टम गैलिलियो नाम के ऐप से चलता है।

**चर्चा :** र्तमान समीकरणों और सियासी रणनीतियों को देखते हुए कटेहरी के राजनीतिक पारे में हलचल तेज

# कटेहरी उपचुनाव : सियासी बगावत और समीकरणों का खेल किसकी होगी जीत?

■ उपचुनाव में बीजेपी को नुकसान का खतरा
■ 13 नवंबर को सियासी घमासान का फैसला

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर सियासत का माहौल गर्म है। 13 नवंबर को होने वाली वोटिंग के साथ ही यह तय होगा कि इस सियासी दंगल में किसका पलड़ा भारी रहेगा। हालांकि, वर्तमान समीकरणों और सियासी रणनीतियों को देखते हुए कटेहरी के राजनीतिक पारे में हलचल काफी बढ़ गई है। बीजेपी ने इस बार कटेहरी विधानसभा सीट के लिए ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जो पिछले 20 साल से सक्रिय रूप से इस क्षेत्र से दूर रहे हैं। पार्टी के इस निर्णय ने सियासी गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दिया है। >> (शेष पेज 06 पर)




### अवधेश द्विवेदी का 'दिवाली मिलन समारोह'

अवधेश द्विवेदी ने आज रविवार को अपने घर पर दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया है, जिसका आमंत्रण विभिन्न माध्यमों से भेजा जा रहा है। यह पहला मौका है जब इस समारोह के पोस्टर और होर्डिंग्स में बीजेपी का 'कमल' निशान और पार्टी के बड़े नेताओं के फोटो नदारद हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह आयोजन, उनके सियासी शक्ति प्रदर्शन और नाराजगी का स्पष्ट संकेत है।

"कटेहरी के इस उपचुनाव में सवर्ण मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, सवर्ण मतदाताओं का रुख जिस तरफ झुकेगा, वही पार्टी जीत की ओर बढ़ सकती है। बीजेपी के उम्मीदवार को लेकर सवर्ण मतदाताओं की नाराजगी और बगावती तेवर पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।

### बीजेपी में बगावत के संकेत

बीजेपी में आंतरिक असंतोष की स्थिति पैदा हो गई है। पार्टी के प्रमुख नेता और ब्राह्मण समाज के कद्दावर नेता अवधेश द्विवेदी, जो कटेहरी से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, पार्टी के निर्णय से नाराज नजर आ रहे हैं। उनके समर्थक सोशल मीडिया पर खुलकर बगावती तेवर दिखा रहे हैं। नामांकन के समय भी अवधेश द्विवेदी बीजेपी प्रत्याशी के साथ नहीं दिखाई दिए, जिससे उनकी नाराजगी की पुष्टि होती है। इस चुनावी दंगल में जहां बीजेपी के लिए बगावत का खतरा है, वहीं सपा को परिवारवाद के आरोपों का सामना करना पड़ रहा है।

### आईपीएस अधिकारी पर यौन शोषण के आरोपों की चिट्ठी वायरल

जींद। हरियाणा में एक IPS ऑफिसर पर महिला पुलिसकर्मियों ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला पुलिसकर्मियों ने इसको लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को चिट्ठी लिखी है। यह चिट्ठी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस पर 7 महिला पुलिसकर्मियों के साइन भी हैं। चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि IPS ऑफिसर ने एक महिला पुलिस अधिकारी से मिलकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया और ऐसा नहीं करने पर वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट खराब करने की धमकी तक दी। महिला पुलिसकर्मियों ने घटना के बारे में महिला DSP को भी बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि आगे बढ़ना है तो यह सब करना पड़ेगा। CM को लिखे पत्र में महिला पुलिसकर्मियों ने कहा है कि अगर उनकी शिकायत पर गौर नहीं किया तो वह आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाएंगी।

# दिल्ली में सात मंजिला बिल्डिंग से कूदी लड़की

## आईआईटी जेईई की तैयारी कर रही थी

**खुदखुशी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के ओखला इलाके में 17 साल की स्टूडेंट ने 7 मंजिला बिल्डिंग से कूदकर सुसाइड कर लिया। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार दोपहर 1:50 बजे की है। लड़की ओखला मेन मार्केट में रहती थी। लड़की 12वीं पास करने के बाद JEE की तैयारी कर रही थी। उसने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उसने लिखा कि, वह पढ़ाई का प्रेशर नहीं झेल सकी। घरवालों को उससे काफी उम्मीदें थीं लेकिन उन्हें पूरा नहीं कर सकी। लड़की के सुसाइड करने का CCTV फुटेज भी सामने आया है। यह वीडियो बिल्डिंग के गेट पर लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुआ। >> (शेष पेज 06 पर)



■ आईआईटी जेईई की तैयारी कर रही थी, सुसाइड नोट में लिखा- पढ़ाई का प्रेशर नहीं झेल सकी

## महाकुंभ को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए योगी सरकार की नई पहल

# 'प्लास्टिक मुक्त होगा महाकुंभ'

**अभियान**

- प्रयागराज नगर निगम पूरे शहर में स्थापित कर रहा क्वाइन मशीन
- क्वाइन मशीन में 10 रुपए डालते ही प्राप्त हो सकेगा कॉटन का बैग

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ/ प्रयागराज। महाकुंभ को स्वच्छ और इको फ्रेंडली बनाने के लिए योगी सरकार नए-नए उपाय कर रही है। लोगों को जागरूक करने से लेकर के मेला क्षेत्र और पूरे प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अब प्रयागराज नगर निगम पूरे शहर में क्वाइन मशीन की स्थापना कर रहा है। सीएसआर फंड के माध्यम से इन क्वाइन मशीन को स्थापित किया जा रहा है। इनमें दस रुपए का सिक्का डालने पर नागरिकों को कॉटन के थैले प्राप्त हो सकेंगे। ऑनलाइन पेमेंट करके भी थैले हासिल किए जा सकेंगे। इस पहल से लोगों को प्लास्टिक के बैग इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा और महाकुंभ मेला क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद मिलेगी। दूसरे चरण में कई और मशीनें स्थापित की जा सकती हैं। इसे सब्जी मंडी, फल मार्केट और एजी ऑफिस समेत विभिन्न स्थानों पर लगाया जाना है।



### सीएसआर फंड की मदद से आगे बढ़ेगी योजना

प्रयागराज नगर निगम के पर्यावरण अभियंता उत्तम कुमार वर्मा ने बताया कि फिलहाल 8 क्वाइन मशीने स्थापित की जानी हैं, जिनमें से एक मशीन स्थापित भी कर दी गई है। सीएसआर फंड के माध्यम से इसका संचालन किया जाना है।

**10 रुपए का सिक्का नहीं होने पर क्यूआर कोड स्कैन कर भी पेमेंट कर सकेंगे ग्राहक**

### बड़ी संख्या में लोग होंगे लाभान्वित

शुक्रवार को एडीजी भानु भास्कर की अध्यक्षता में आयोजित महाकुंभ मेला स्टेकहोल्डर्स की बैठक में नगर आयुक्त सीएम गर्ग ने इस क्वाइन मशीन को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक मुक्त शहर की परिकल्पना को साकार करने के लिए नगर निगम की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। क्वाइन मशीन भी इसी का हिस्सा है। इसमें दस रुपए का सिक्का डालने पर लोगों को प्लास्टिक मुक्त थैला प्राप्त होगा, जिससे वो खरीदारी करने में सक्षम हो सकेंगे।



**सीएम गर्ग ने बताया कि इस मशीन को विभिन्न स्थानों पर रखा जा रहा है, ताकि बड़ी संख्या में लोग इससे लाभान्वित हो सकें। महाकुंभ तक और उसके बाद भी यह क्वाइन मशीन अपनी सेवाएं देती रहेंगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न वेंडिंग जोन्स में मिट्टी के बर्तन, पत्तल एवं जूट बैग्स विकल्प के रूप में उपलब्ध कराने जैसे प्रयास भी किए जा रहे हैं।**

## 9 दिन पहले खुल जाएगा दुधवा टाइगर रिजर्व

- जिप्सी, हाथी और नेचर गाइड तैयार, पर्यटन मंत्री बोले- यूपी में टूरिज्म की अपार संभावनाएं





तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। पर्यटकों की सुविधा के लिए टाइगर रिजर्व, कतर्निया वन्यजीव विहार, पीलीभीत टाइगर रिजर्व इस बार छह नवंबर को शुरू हो जाएंगे। हर बार यह स्थल 15 नवंबर से शुरू होते हैं, लेकिन इस बार 9 दिन पहले इनको ओपन कर दिया जा रहा है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसको लेक तैयारियां तेज की दी गई है। इस बार वाकिंग ट्रैक के साथ झूले लगाए गए हैं। पर्यटन सत्र निर्धारित समय से नौ दिन पहले शुरू होने से दुधवा टाइगर रिजर्व, कतर्निया वन्यजीव विहार, पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छह नवंबर से दुधवा टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, रानीपुर टाइगर रिजर्व, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, सोहेलवा वन्य जीव विहार, सोहगीबरवा वन्य जीव विहार, चन्द्रप्रभा वन्यजीव विहार, कैमूर वन्यजीव विहार, ओखला पक्षी विहार, नवाबगंज पक्षी विहार, रपड़ी इको टूरिज्म सेंटर फिरोजाबाद को पर्यटकों के लिए खोलने जा रही है। इको टूरिज्म पर्यटन बोर्ड की ओर से पर्यटन सत्र शुरू करने की तैयारियां करीब-करीब पूरी हो चुकी है।

**फास्ट न्यूज**

### डॉक्टर ने महिला से की छेड़छाड़

लखनऊ। लखनऊ के दुबग्गा मलहा इलाके में क्लिनिक चलाने वाले डॉक्टर ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ की। वहीं शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर FIR दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिला के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज होने हैं। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उस समय क्लिनिक पर केवल डॉ. राम लखन ही मौजूद थे।

### लखनऊ में 6 क्विंटल खोया जब्त कर जेसीबी से दफनाया

लखनऊ। लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 6 क्विंटल मिलावटी खोया जब्त कर नष्ट किया। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों के 30 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए लैब भेजे हैं। दीपावली और भाई दूज के त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर लगाम लगाने को लेकर कार्रवाई हुई। डीएम के आदेश पर लखनऊ के 30 प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों की जांच और नमूने संग्रहित किए गए। जिनमें खोया, पनीर, घी, तेल, मिठाई, नमकीन और सूखे मेवे शामिल थे।

### बेंगलुरु से लखनऊ आ रही फ्लाइट में बम की सूचना

लखनऊ। बेंगलुरु से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना मिली, लेकिन यह सूचना तब मिली जब फ्लाइट हवा में उड़ान भर रही थी। ऐसे में एविएशन प्रोटोकॉल के तहत फ्लाइट को पहले सुरक्षित उतारा गया। उसके बाद 45 मिनट तक सामान और यात्रियों की चेकिंग की गई। हालांकि कुछ नहीं मिला।

## 1 लाख 6 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन

- ग्राम चौपालों में 04 लाख 24 हजार से अधिक समस्याओं / प्रकरणों का किया गया निस्तारण



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या -गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है ।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है ।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1306ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3642 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।

## जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

# जनता की मदद में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

- किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं, हर समस्या का कराएंगे प्रभावी निस्तारण - सीएम योगी

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। किसी पीड़ति की समस्या के निस्तारण में यदि कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर समाधान कराया जाए। किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। सीएम योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

**हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें।**



### हर पात्र को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। आवास व अन्य जरूरतों की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने अफसरों से कहा कि जो जरूरतमंद किन्हीं भी कारणों से आवास से वंचित रह गए हैं उन्हें पीएम या सीएम आवास योजना का आवास दिलाया जाए।

## भाई बोला- पहले हम दोनों को थाने में पीटा, मरने के बाद अस्पताल ले गए

# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में पुलिस की कस्टडी में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के बाद परिजन लोहिया अस्पताल पहुंचे। यहां रोड जाम कर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने जबरन जाम खुलवाया और प्रदर्शन कर रहे परिजनों को अस्पताल के अंदर भेजा। युवक के घर वालों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। जिस युवक की मौत हुई है, उसका नाम मोहित पांडेय (32) है। वह स्कूल ड्रेस बेचने का काम करता था। शुक्रवार को चिनहट पुलिस ने मोहित और उसके भाई शोभाराम को लड़ाई-झगड़े के मामले में हिरासत में लिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रात में ही पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। मामला चिनहट कोतवाली का है। मेरे सामने भाई को पीटा जा रहा था। मैं देख कर भी उसे नहीं बचा सका। वह तेज-तेज चीख रहा था। बोल रहा था, दरवाजा खोल दो नहीं तो मैं मर जाऊंगा। फिर भी पुलिस वाले कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। भाई ने लॉकअप में ही दम तोड़ दिया था। इसके बाद पुलिस उसे हॉस्पिटल ले गई।



मृतक मोहित पांडेय की मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

### थाना प्रभारी को हटाने की मांग

मोहित की मौत के बाद लोहिया अस्पताल पहुंचे परिजनों में काफी गुस्सा है। वे लोग सड़क पर उतर आए और जाम लगाने की कोशिश की। पुलिस समझाकर सभी को अस्पताल के अंदर ले गई। लोगों में आक्रोश के चलते लोहिया अस्पताल में कई थानों की फोर्स में तैनात की गई है। परिजन चिनहट थाना प्रभारी को मौके पर बुलाने और पद से हटाने की मांग कर रहे हैं।

- शनिवार सुबह चिनहट कोतवाली में मोहित की तबीयत बिगड़ी थी।



**मोहित के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने थाने में उसके साथ मारपीट की। हम लोगों को मिलने की अनुमति भी नहीं दी। आज सुबह मोहित की मौत हो जाने की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और लोहिया हॉस्पिटल के बाहर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे।**



### भाई बोला- लॉकअप में ही भाई की मौत हो गई थी

मोहित पांडे की मौत होने के बाद उसके साथ हिरासत में लिए गए भाई शोभाराम को पुलिस ने छोड़ दिया। शोभाराम का कहना है कि पुलिस ने मुझे और मोदित को शुक्रवार रात 9 बजे साथी से झगड़े के बाद गिरफ्तार किया था। रात में पुलिस ने जब हिरासत में लिया, तभी से जमकर मारपीट शुरू कर दी।

## राजधानी में रेलवे ट्रैक पेट्रोलिंग में लापरवाही

- ट्रैक मैन के 1200 पद खाली, 146 किलोमीटर ट्रैक बढ़ा, कोई नई भर्ती नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ रेलवे मंडल रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग में लापरवाही बरत रहा है। गुरुवार रात को मलिहाबाद और काकोरी के बीच में रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का टुकड़ा पड़ा हुआ था, जो ट्रेन में फंस गया। इसके कारण बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई। इससे ट्रैक के निरीक्षण करने पर सवाल खड़ा हो रहा है। सवाल उठ रहा है कि अगर निरीक्षण किया गया तो लकड़ी का टुकड़ा नजर क्यों नहीं आया।

लखनऊ मंडल में रेलवे के ट्रैक मैन के कुल 1200 पद खाली हैं। इसके कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। रेलवे कर्मचारियों की तरफ से आए दिन सुविधाओं को लेकर मांग की जा रही है, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं की गई है। नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने कहा- रेलवे में करीब 1 लाख पदों पर अभी वैकेंसी है। ट्रैक मैन रेलवे पटरियों का निरीक्षण करने का काम करते हैं। इसमें जरूरी खामियों के बार में वह अपडेट देते हैं। रेलवे बोर्ड के मानकों के अनुसार 6 किलोमीटर तक पटरियों का निरीक्षण करने पर 1 की मैन, 1 ट्रॉली मैन और 13 ट्रैक मैन की आवश्यकता होती है। फिलहाल उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 1200 ट्रैक मैन की जरूरत है।

**मनोबल :** जौनपुर पूर्वांचल का सबसे विकसित जिला बने यही प्रयास होगा

# वर्तमान राजनीत में जनसेवा बहुत आवश्यक है : एके शर्मा

- प्रभारी मंत्री का जौनपुर के रास्ते पर शुभेच्छुओं, मित्रों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ/जौनपुर। जौनपुर जिले को विकास के रास्ते पर लाने के लिए एक-एक जनप्रतिनिधि और व्यक्ति का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। जौनपुर पूर्वांचल का सबसे विकसित जिला बने, यही सब का प्रयास हो, इसके लिए सभी जनोपयोगी नीतियों और विकास परक योजनाओं को जिले के सुदूर क्षेत्रों तक ले जाने का भी प्रयास करना होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प के लिए सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित हो, उसके लिए सभी कार्यकर्ता सजक होकर प्रयास करें। उन्होंने उपस्थित जप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वर्तमान राजनीति में जन सेवा बहुत आवश्यक है।



जौनपुर प्रभारी मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ता बैठक में कार्यकर्ताओं का बढ़ाया मनोबल

**उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा प्रभारी मंत्री जौनपुर श्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को अपने प्रभार जिले जौनपुर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के जौनपुर कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।**



### पूर्वांचल के कई जिलों में सेवा का अवसर मिला

प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 1988-89 में आईएएस की नौकरी पर देश की सेवा में जाने से पहले प्रयागराज में पढ़ाई करते हुए यहां से आना जाना होता था। कोरोना काल में भी बनारस प्रवास के दौरान जौनपुर जिले सहित पूर्वांचल के कई जिलों में सेवा का अवसर मिला। लेकिन सही बात तो यह है कि विकास की दौड़ में पूर्वांचल के जिले पिछड़ गए हैं, कई सारी व्यवस्थाओं को पटरी पर अभी लाना बाकी है, इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक होगा।

# नकली सिल्क विक्रेताओं पर सिल्क मार्क संगठन का छापा

## टीम ने सलाह दी इस तरह के नकली सिल्क एक्सपो से बचें

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। सिल्क मार्क आर्गेनाईजेशन, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की टीम ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर स्थित आर्ट गैलरी में लगाए गए 'नेशनल सिल्क एक्सपो' नामक कार्यक्रम में छापेमारी कर शुद्ध सिल्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु स्टालों की जांच की। इस छापेमारी में पाया गया कि 10 स्टालों में से दो स्टालों पर नकली सिल्क मार्क लोगो का उपयोग कर सिल्क परिधान बेचे जा रहे थे। टीम द्वारा जांच के दौरान 'श्री हसन सिल्क साडीज' और 'परफेक्ट हैंडलूम' के स्टालों पर रखी साड़ियों का केमिकल टेस्ट किया गया। टेस्ट में पाया गया कि 40,000 से 50,000 रुपये तक बेची जा रही ये साड़ियां नकली (सिंथेटिक) थीं। सिल्क मार्क आर्गेनाईजेशन की टीम ने इन नकली उत्पादों को जब्त कर इन विक्रेताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भारत सरकार को भेज दी है।





### 28 अक्टूबर तक यूपी सिल्क एक्सपो-2024 में प्रमाणित सिल्क की खरीदारी का मौका

रेशम निदेशक श्री सुनील कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि रेशम निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, Gate No-1, एल शेप लॉन, गोमती नगर, लखनऊ में 28 अक्टूबर 2024 तक सिल्क एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में केन्द्रीय रेशम बोर्ड की सिल्क टेस्टिंग लैब भी स्थापित की गई है, जहां ग्राहकों को सिल्क उत्पाद की शुद्धता सुनिश्चित कराने के लिए टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध है।

## कटेहरी विस उप निर्वाचन - 2024: निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर

# जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न



**प्रशिक्षण**

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद अंबेडकरनगर में 277–कटेहरी विधानसभा की चुनावी प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों की बारीकियों को समझाते हुए मजिस्ट्रेट्स की भूमिका को सशक्त बनाना था। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि ईवीएम और वीवीपैट के संचालन के तरीके को समझना अत्यंत आवश्यक है।



### जिला निर्वाचन अधिकारी का संदेश

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने निर्देश दिया कि चुनावी प्रक्रियाओं के दौरान सभी मजिस्ट्रेट माननीय निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का अच्छे से अध्ययन करें और उन्हें गंभीरता से अमल में लाएं।

> कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में मदद मिलेगी। इसके जरिए निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के प्रति विश्वास कायम रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोकतंत्र की नींव को मजबूती प्रदान की जा सके।

### रूट चार्ट का पालन और मतदेय स्थलों की जांच

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में आने वाले सभी मतदेय स्थलों का भ्रमण करें और निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार मतदान से संबंधित सभी आधारभूत सुविधाओं की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### निर्वाचन क्षेत्र का विभाजन और मजिस्ट्रेट्स की नियुक्ति

कटेहरी विधानसभा क्षेत्र को सुचारु रूप से प्रबंधन के लिए 20 जोन और 65 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में तैनात 20 जोनल एवं 65 सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक श्री आनंद कुमार शुक्ला ने की। इसमें ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरीफिकेशन पेपर ऑडिट ट्रेल) के संचालन की तकनीकी जानकारी एवं अन्य महत्वपूर्ण निर्वाचन प्रक्रियाओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया।

### विस्तृत प्रशिक्षण: ईवीएम संचालन में निपुणता

प्रशिक्षण सत्र के दौरान मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/नोडल अधिकारी श्री आनंद कुमार शुक्ला ने चुनावी ड्यूटी की बारीकियों पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम के चरणबद्ध संचालन का बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी मजिस्ट्रेट्स को ईवीएम के संचालन से संबंधित सभी शंकाओं का समाधान किया गया, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निर्विघ्न रूप से मतदान प्रक्रिया को पूरा कर सकें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ईवीएम/अपर नोडल प्रशिक्षण/परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह सहित सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया, जिससे चुनावी कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

## काशी में जिला योजना समिति की हुई बैठक

वाराणसी। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के सापेक्ष प्रमुख फोकस कृषि तथा संबंधित क्षेत्र दुग्ध, मत्स्य आदि, मैन्युफैक्चरिंग तथा सर्विस सेक्टर पर है जो प्रमुख योगदान देते हैं। समीक्षा बैठक में 38 विभागों के विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा प्रभारी मंत्री द्वारा की गयी है जिसमें जिला पंचायत के 19 सदस्य तथा 13 पार्षद भी बैठक में उपस्थित रहे। कृषि विभाग की समीक्षा में पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कुसुम योजना, सब-मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना तथा जैविक खेती योजना की समीक्षा हुई जिसमें उपनिदेशक कृषि को जैविक खेती योजना हेतु क्लस्टर बनाने तथा उसके गठन की पूरी जानकारी जनप्रतिनिधियों को देने को कहा ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

**फास्ट न्यूज**

### अयोध्या में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अयोध्या। अयोध्या - रायबरेली हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे उमेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मां बाल - बाल बच गई। हादसे की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां उसे देखने के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया।

### मजदूर ने छप्पर के फंदे में फांसी लगाई

अयोध्या। अयोध्या के तारापुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का शव छप्पर के फंदे से लटकता मिला। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी का कहना हैं कि प्रथम दृष्टि मामला आत्महत्या का दिख रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।

मिली जानकारी के मुताबिक तारुन थाना क्षेत्र के तारापुर गांव मे त्योहार से पहले ही परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। गांव निवासी मजदूर पतिराम पुत्र बच्चू लाल प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की शाम मेहनत मजदूरी करके घर पहुंचा था।

### नहीं होगा दाना चक्रवर्ती तूफान का असर

अयोध्या। चक्रवाती तूफान दाना अब यूपी की ओर बढ़ रहा है। इससे अगले दो दिनों में प्रदेश के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं अयोध्या समेत पूर्वांचल के कई जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सामान्य गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है। मौसम ठंडा होने से लोगों को उमस से राहत मिलने की भी उम्मीद है।

## अलीगंज में थाना प्रभारी ने किया पैरामिलिट्री फ़ोर्स का स्वागत

■ विधानसभा उपचुनाव 2024 की सुरक्षा के लिए कसी कमर



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर।कटेहरी विधानसभा उपचुनाव 2024 के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए अंबेडकर नगर पुलिस प्रशासन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, थाना अलीगंज के प्रभारी ने चुनावी सुरक्षा के मद्देनजर आवंटित पैरामिलिट्री फ़ोर्स का स्वागत और अभिवादन किया। यह स्वागत समारोह आगामी उपचुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आगामी विधानसभा उपचुनाव 2024 के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैरामिलिट्री फ़ोर्स की तैनाती महत्वपूर्ण है। अलीगंज के थाना प्रभारी द्वारा किए गए इस स्वागत कार्यक्रम में, सुरक्षा बलों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी तैनाती की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और मतदाताओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान हर पहलू पर नजर रखी जाए। सुरक्षा बलों के आगमन से उपचुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो गई है, जिससे मतदाताओं में विश्वास बढ़ा है।

## सभी विधानसभाओं में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा

# राजनैतिक दलों के साथ अविनाश सिंह की बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ एन.आई.सी. कक्ष में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावालियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एकीकृत आलेख्य निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि (नये नाम बढ़ाना/अपमार्जन/संशोधन) दिनांक 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक, विशेष अभियान की तिथियां दिनांक 09 नवम्बर, 10 नवम्बर, 23 नवम्बर व 24 नवम्बर 2024 हैं। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर 2024 तक तथा विधानसभा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2025 दिन सोमवार को होगा।




> बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ , उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्ता, संबंधित उप जिलाधिकारी गण, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद द्विवेदी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।



> बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल जनपद में अवस्थित समस्त मतदेय स्थलों के एक-एक बूथ लेबिल एजेंट नियुक्त करते हुये विशेष अभियान तिथियों में सम्बंधित मतदेय स्थल के बूथ लेविल अधिकारी के संरक्षण में मतदाता सूची में दृष्टिगोचर हुई त्रुटियों इत्यादि को चिन्हित करने में सहयोग करें।

### पुनरीक्षण का कार्य अग्रिम आदेशों तक स्थगित रहेगा

बैठक में बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामावली को त्रुटिविहीन बनाने में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपेक्षित सहयोग के बारे में चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 277 कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत विधानसभा कटेहरी में पुनरीक्षण का कार्य अग्रिम आदेशों तक स्थगित रहेगा। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य सभी विधानसभाओं में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सराहना करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं

# विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## 50 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय परिसर में छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन। शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, ज्ञान को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी में जनपद के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के 50 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आयोजन विद्यार्थियों के प्रदर्शन, उनके सुधार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए किया गया था। छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान के अलग अलग मॉडल को बनाया गया। मॉडल के माध्यम से जीवन के लिए एक संदेश दिया गया। इस प्रदर्शनी का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह, डायट प्राचार्य वृजेश उपाध्याय ने बालक बालिकाओं द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई मॉडलों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। इनकी विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि इस बात का संकेत है कि आने वाला हमारा कल और भी सुनहरा होगा।




### प्रदर्शनी प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य

जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से अन्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और किताबों से पढ़ाई करने वालों बच्चों को इसका प्रयोग कराना भी उद्देश्य है।

> उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों में अधिक से अधिक वैज्ञानिक चेतना को जागृत करें। इन मॉडलों के लिए उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### किशोरी से रेप करने वाले को भेजा जेल

अयोध्या। अयोध्या के हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से वांछित चल रहा था। घटना के सात महीने बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दुष्कर्म के दौरान किशोरी प्रेग्नेंट भी हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी 21 अप्रैल 2024 की सुबह 9 बजे अपने घर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित बाग में उपला कंडी पाथने गई थी। तभी गांव के युवक ने किशोरी को जबरदस्ती पकड़ लिया और मुंह में कपड़ा भरकर थोड़ी दूर स्थित झाड़ी में ले जाकर जबरदस्ती रेप कर दिया था। इसके बाद युवक ने किशोरी को धमकी भी दी थी कि अगर परिवार वालों को बताओगी तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। इसके बाद आरोपी ने मौका मिलते ही महीने भर में कई बार जबरदस्ती रेप किया। किशोरी के शारीरिक परिवर्तन पर जब मां ने जोर देकर पूछा तो किशोरी ने सारी बात बताई थी।

# पुलिस ने पकड़ी अवैध पटाखों की बड़ी खेप

तमसा संकेत, संवाददाता



जलालपुर-अम्बेडकरनगर। दीपावली के मौके पर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। अवैध और हानिकारक पटाखों से भरी एक पिकअप को पुलिस ने पकड़ लिया, जो शाहगंज से जलालपुर की ओर आ रही थी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर पटाखों के साथ चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है और मामले में विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहगंज से जलालपुर की तरफ आ रही इस पिकअप में अवैध पटाखों की खेप लाई जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक गुलाम रसूल तथा आरक्षी रोहित सिंह और आनंद प्रताप ने टीम बनाकर घेराबंदी की। सक्रिय पुलिस टीम ने दोपहर लगभग साढ़े ग्यारह बजे शेखपुरा राजकुमारी गांव के पास पिकअप को रोका और जांच में अवैध पटाखों की खेप बरामद की। पकड़े गए चालक से पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अशोक कुमार बिंद, पुत्र श्याम लाल बिंद, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम पूरा सरवान, मजरे पट्टी चकेसर, थाना शाहगंज, जनपद जौनपुर बताया। पिकअप वाहन का नंबर UP 62 T 7519 है, जिसमें तीन क्विंटल से अधिक अवैध पटाखों के कुल 16 बॉक्स पाए गए। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चालक के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**मिसाल :** मंडल में दूसरा स्थान और 3 लाख रुपये का पुरस्कार

# कायाकल्प अवार्ड योजना में ज्योतिबा फुले जिला चिकित्सालय का जलवा

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बार फिर से बेहतरीन प्रदर्शन की मिसाल देखने को मिली है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत जिले के ज्योतिबा फुले जिला चिकित्सालय ने अयोध्या मंडल में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए अस्पताल को तीन लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) ने भी स्वच्छता और बेहतर सेवाओं के लिए पुरस्कार हासिल किए हैं, जिससे जिले के स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर और ऊंचा हो गया है। कायाकल्प अवार्ड योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस योजना के तहत अस्पतालों को उनकी स्वच्छता, मरीज़ों को दी जाने वाली सुविधाओं, संक्रमण रोकथाम, बायो वेस्ट मैनेजमेंट, और खानपान की गुणवत्ता जैसे मापदंडों पर आंका जाता है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अस्पतालों का मूल्यांकन तीन चरणों में किया जाता है।




> जिला चिकित्सालय और पीएचसी के अच्छे प्रदर्शन ने अम्बेडकरनगर में स्वास्थ्य सेवाओं का एक सकारात्मक उदाहरण पेश किया है। जिला अस्पताल के इस सम्मान ने न सिर्फ जिले का गौरव बढ़ाया है बल्कि अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एक प्रेरणा भी प्रदान की है।

### 10 पीएचसी को भी मिला सम्मान, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संदेश

जिले के दस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों ने भी कायाकल्प योजना के अंतर्गत अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कार हासिल किए हैं। औरंगनगर पीएचसी को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि मकरही, उतरेथू, सिकंदरपुर, मुंडेरा, हंसवर, ब्राहिमपुर कुसमा, लखमीपट्टी, बड़ेपुर, और मोहसिनपुर पीएचसी को पचास-पचास हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। इन पुरस्कारों से प्रोत्साहित होकर इन स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता और सेवा की गुणवत्ता में और सुधार की उम्मीद की जा रही है।

### जिला अस्पताल को मंडल में दूसरा स्थान, प्रदेश में 21वां स्थान

जिले के क्वालिटी एश्योरेंस जिला सलाहकार डॉ. रवि ने बताया कि इस वर्ष ज्योतिबा फुले जिला चिकित्सालय ने प्रदेश स्तर पर 21वां स्थान और अयोध्या मंडल में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की तरफ से तीन लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने इस सम्मान का श्रेय अस्पताल के सभी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास को दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और मरीजों की देखभाल में पूरे स्टाफ ने मिलकर कड़ी मेहनत की, जिसके चलते यह सम्मान मिल पाया है।

# तालाब में डूबने से छात्र की मौत

## छात्र की मौत से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है

**हंगामा**

तमसा संकेत, संवाददाता

तमसा संकेत, आलापुर (अम्बेडकरनगर) । तालाब में डूबने से छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आलापुर के रामनगर महुवर ग्राम पंचायत के डिहवा पुरवे में गांव निवासी गिरजापति का 15 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष जो कि 11 वीं का छात्र है शनिवार को गांव के बाहर तालाब में सिंघाड़ा निकालने गया था और इसी दौरान तालाब में डूब गया ।मामले की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकालकर रामनगर बाजार में निजी अस्पताल पहुंचाया ।जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उप निरीक्षक विष्णु दत्त,उस्मान गनी,सौरभ मिश्र, रिंकू सरोज के अलावा महिला उप निरीक्षक रजनी एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने आवश्यक कार्रवाई शुरू किया। निरीक्षक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है।



■ मौके पर लिखा पढ़ी करते निरीक्षक राकेश कुमार व मौजूद अन्य पुलिसकर्मी

# सम्पादकीय

## उच्च मुद्रास्फीति के बीच मंदी का साया



अगस्त में वस्तुओं का निर्यात घटकर 34 अरब 70 करोड़ डॉलर रह गया जिसके कारण व्यापार घाटा बढ़ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 से नीचे आ गया है जिससे घाटे और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता पैदा हो गई है। सितंबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आठ महीने के निचले स्तर 56.5 पर था जबकि यह अगस्त में 57.5 था। भविष्य के नजरिये से यह कारखाने प्रबंधकों की तेजी का एक संकेतक है। सरकार और अन्य स्रोतों से हाल ही में कई डेटा पॉइंट सामने आए हैं जो अर्थव्यवस्था के धीमे होने यानी मंदी की ओर इशारा कर रहे हैं। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि यह चक्रीय (साइक्लिकल) मंदी है या नहीं। क्या यह एक पैटर्न है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी के साथ जुड़ा है, तो हमें इसे जांचना होगा : और अगर यह चक्रीय यानी अस्थायी है तो छह महीने बाद अर्थव्यवस्था में उठाव होना चाहिए। फिर भी त्योहारी सीजन के दौरान अर्थव्यवस्था का धीमा पड़ना, भले ही चक्रीय रूप से हो, चिंता की बात है। कैलेंडर वर्ष की अंतिम तिमाही में त्योहारी उत्साह और उपभोक्ता खर्च के कारण आमतौर पर उपभोक्ता उत्साह और आशावाद से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है लेकिन ऐसा लगता है कि इस समय यह गायब है।

सबसे पहले डेटा बिंदु पर विचार करें! ये औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, कर संग्रह विशेष रूप से माल और सेवा कर (जीएसटी) से होते हैं। ये सभी आंकड़े सरकार के हैं। फिर भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े और आकलन हैं। रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में कटौती न करने का फैसला किया। आरबीआई आर्थिक मत जानने के लिए सर्वेक्षण आयोजित करता है और हर तिमाही इसकी रिपोर्ट देता है। यह सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के भविष्य के प्रक्षेपवक्र का संकेत देता है। अंत में निजी स्रोतों से डेटा है, जैसे कि खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) या कंपनियों के तिमाही परिणाम जो उनकी आय, लाभ और विकास की रिपोर्ट देते हैं।

अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) नीचे चला गया। विकास दर लगातार तीन महीने से नीचे जा रही थी। अगस्त की संख्या (नकारात्मक 0.1) लगभग दो वर्षों में सबसे कम है। यद्यपि आईआईपी को अस्थिर माना जाता है और यह कार्योत्तर परिवर्तनों और समायोजनों के अधीन है लेकिन इसकी प्रवृत्ति विशेष रूप से औद्योगिक उत्पादन में स्पष्ट रूप से मंदी दिखा रही है। बेमौसम बारिश से खनन गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है लेकिन औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में मंदी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। त्योहारी मौसम में औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले प्रमुख उद्योगों में से एक वाहन की बिक्री में सितंबर में 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी से संबंधित मामला सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के तमिलनाडु कारखाने में दो महीने की हड़ताल है। यह कारखाना भारत में सैमसंग के बिक्री राजस्व का लगभग 20,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है और भारत में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

सितंबर में ही भारत में स्वीडिश वोल्वो ग्रुप के प्रबंध निदेशक ने भी आगाह किया था कि देश के औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में टिकाऊ तथा उच्च जीडीपी विकास को चलाने के लिए पर्याप्त रूप से सुधार करना होगा। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र का हिस्सा सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 16 प्रश पर अटका हुआ है एवं 'मेक इन इंडिया जैसी मजबूत पहल के बावजूद बहुत अधिक नहीं बढ़ा है। विदेशी कंपनियों को चीन से दूर स्थानांतरित करने या कम से कम कई पश्चिमी कंपनियों के लिए चीन से दूर विविधीकरण करने के लिए भारत उन्हें आकर्षित करने वाला था लेकिन यह अभी तक बड़े पैमाने पर नहीं हुआ है। सेमीकंडक्टर कॉम्प्लेक्स स्थापित करने की बड़ी योजनाएं, साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पहल के मामले में भारत की महत्वाकांक्षा बहुत बड़ी है लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविक प्रगति से बहुत कम हैं। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र के विकास के लिए जो एक अन्य पहलू महत्वपूर्ण है, वह है कौशल की कमी। इस साल के आरंभ में ताइवान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी थी कि अगर भारत चिप बनाने और सेमीकंडक्टर निर्माण में निवेश आकर्षित करना चाहता है तो वह कुशल इंजीनियरों की कमी को दूर करे। ताइवान इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत की मदद करने का इच्छुक है लेकिन वह चाहता है कि भारत बुनियादी ढांचे और उच्च आयात शुल्क जैसी अन्य बाधाओं को दूर करे।

# भारत-चीन को साथ लेकर क्या संदेश दे रहे पुतिन

"ब्रिक्स सम्मेलन में भारत और चीन नजदीक आते दिखाई दिए हैं और इसके पीछे रूस के राष्ट्रपति पुतिन का बड़ा हाथ है। रूस में ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन हो रहा था और इस आयोजन के सफल होने में भारत और चीन के बीच चल रहा तनाव बड़ी रुकावट बन सकता था।



ग्लोबल राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है । पिछले पांच सालों से भारत और चीन के बीच तनाव खत्म होता दिखाई नहीं दे रहा था । लद्दाख में दोनों देशों की सेनाएं पिछले पांच साल से आमने-सामने खड़ी हुई हैं । यह डर हमेशा सताता रहा है कि इन परिस्थितियों में कभी भी कोई अनहोनी घट सकती है । चीन और भारत के व्यापार संबंधों पर भी इसका बुरा असर पड़ा है । भारत-चीन व्यापार पर असर पड़ने के कारण चीन की कोशिश थी कि भारत सीमा विवाद को किनारे रखकर व्यापारिक संबंधों को सही करे लेकिन भारत ने स्पष्ट रूप से चीन को कह दिया था कि व्यापार सामान्य करने के लिए जरूरी है कि सीमा पर भी सामान्य हालात पैदा किये जायें। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ग्लोबल राजनीति बड़ी तेजी से बदल रही है। इस युद्ध के अभी खत्म होने के आसार दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ इजराइल और ईरान के प्रॉक्सी आतंकवादी संगठनों के बीच एक नया युद्ध शुरू हो गया है। इजराइल पर ईरान के बड़े हमले के बाद अब ईरान और इजराइल के बीच सीधा युद्ध होने की संभावना बहुत बढ़ गई है। इन हालातों में ब्रिक्स देशों का एक बड़ा सम्मेलन हुआ है। इस सम्मेलन के आयोजन से पहले एक बड़ी खबर ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है और वो खबर है, भारत और चीन ने सीमा पर बढ़ रहे तनाव को खत्म करके अपनी सेनाओं को 2020 से पहले वाली जगहों पर भेजने का फैसला कर लिया है। ये अपने आप में बड़ी बात है क्योंकि चीन पिछले पांच सालों से कई दौर की बातचीत के बावजूद पीछे हटने को तैयार नहीं था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने एक बयान में कहा है कि इतनी लंबी वार्ता के बाद हम कई बार निराश हो चुके थे लेकिन हमने धैर्य बनाये रखा। अमेरिका और पश्चिमी देश इससे बड़े अचंभित हैं कि अचानक चीन ने पीछे हटने का फैसला कैसे कर लिया। चीन का ये स्वभाव ही नहीं है, वो एक बार आगे कदम बढ़ा कर वापस पुरानी जगह पर नहीं जाता। भारत के मामले में चीन ने ऐसा दो बार किया है कि आगे बढ़ कर पीछे हट गया है। पुतिन ने अपनी कूटनीति से इस तनाव को कम करके पूरी दुनिया में अपनी धाक जमा दी है । पांच साल बाद भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व का बातचीत की टेबल पर आना पुतिन की बड़ी सफलता माना जा रहा है । वास्तव में भारत और चीन के बीच बढ़ता तनाव पुतिन के लिए चिंता का सबसे बड़ा विषय है । यही दोनों देश हैं जिनके कारण रूस अमेरिका और उसके साथी देशों के लगाये प्रतिबंधों का सफलतापूर्वक सामना कर रहा है । रूस को अलग-थलग करने की पश्चिमी देशों की कोशिश इसलिए कामयाब नहीं हो पाई है क्योंकि भारत-चीन जैसे दो बड़े देश रूस के साथ खड़े रहे हैं । रूस की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने की अमेरिकी कोशिश इसलिए बेकार चली गई है क्योंकि भारत और चीन ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया है । भारत ने तो रूस से तेल आयात इतना बढ़ा दिया है कि आज कई देशों को भारत से पेट्रोलियम उत्पादों को निर्यात किया जा रहा है । अमेरिका और पश्चिमी देश जानते हैं कि चीन किसी की परवाह नहीं करता इसलिए उस पर इन देशों ने दबाव बनाने की कोशिश कभी नहीं की लेकिन भारत पर इन देशों ने लगातार यह दबाव बनाया है कि वो रूस से तेल खरीदना बंद कर दे । भारत ने इसका कई बार सीधा जवाब दिया है कि रूस से तेल खरीद कर वो रूस की नहीं बल्कि अपनी मदद कर रहा है । भारत ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि उसका रूस से तेल खरीदना दुनिया के हित में है क्योंकि इससे तेल की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगी है । वजह कुछ भी हो लेकिन ये देश जानते हैं कि भारत की वजह से रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध असफल हो गये हैं । मोदी ने कहा था कि हम आँख से आँख मिलाकर बात करेंगे, आँख दिखाकर बात नहीं करेंगे। यूरोप और अमेरिका भूल जाते हैं कि इस भारत को आंखें दिखाना बर्दाश्त नहीं है. आंख मिलाकर ही बात की जा सकती है । जिस बात को अमेरिका और उसके साथी देश अभी तक समझ नहीं पाये हैं, उस बात को पुतिन चीन को समझाने में कामयाब रहे हैं । पुतिन बहुत परेशान हैं और वो अपने खिलाफ हो रही लामबंदी को देख रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ वो खुद को अकेला पा रहे हैं । यूक्रेन से युद्ध के दौरान उन्हें भारत और चीन का साथ मिला है । रूस की बड़ी समस्या यह है कि उसके दोनों मित्रों के आपसी संबंध अच्छे नहीं है । चीन से बिगड़ते संबंधों के कारण ही अमेरिका भारत को अपनी तरफ लाने की कोशिश कर रहा है । पुतिन अच्छी तरह जानते हैं कि भारत पूरी तरह से उसके साथ नहीं हैं और वो रूस और अमेरिका के बीच एक संतुलन साधकर चल रहा है । भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के कारण रूस पर लगे प्रतिबंधों की अनदेखी कर रहा है लेकिन चीन भारत की बड़ी समस्या है । चीन के कारण भारत कभी भी अमेरिकी खेमे में जा सकता है और अमेरिका इसकी पूरी कोशिश कर रहा है । भारत भी अमेरिकी दबाव को महसूस कर रहा है और इससे छुटकारा पाना चाहता है । चीन अच्छी तरह से जानता है कि अमेरिका उसे घेरने की कोशिश कर रहा है और अगर भारत अमेरिका के साथ चला जाता है तो उसके लिए बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है । बंग्लादेश में तख्तापलट ने भारत और चीन दोनों को परेशान कर दिया है । अब दुनिया अच्छी तरह जान चुकी है कि बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन में अमेरिका का बड़ा हाथ है । पुतिन चीन को समझाने में कामयाब रहे हैं कि चीन के लिए भारत नहीं अमेरिका बड़ा खतरा है । अगर भारत अमेरिकी खेमे में चला गया तो चीन के लिए समस्या हो सकती है । खालिस्तानी नेता पन्नू की हत्या की साजिश करने के नाम पर अमेरिका ने भारत के एक रॉ एजेंट विकास यादव के खिलाफ गिरफ्तारी आदेश जारी कर दिया है । इसके अलावा अमेरिका कनाडा की भारत विरोधी कार्यवाहियों में भी उसका साथ दे रहा है । देखा जाये तो भारत और चीन के बीच तनाव होने के कारण अमेरिका को ऐसा लगता है कि उसके साथ रहना भारत की मजबूरी है । इस मजबूरी के चलते भारत को दबाया जा सकता है । यही कारण है कि ये देश भारतीय हितों के खिलाफ जाकर भारत के दुश्मनों को शरण दे रहे हैं और उनका संरक्षण भी कर रहे हैं । ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपनी राजनीति से भारत ने इन देशों ने जवाब दिया है कि उसके पास और भी विकल्प है ।

**राजेश कुमार पासी**

## जर्मनी से भारत के...

कमलेश पांडेय

# भारत और जर्मनी के निरंतर प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ



भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है। हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है। पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है। वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है। एक बात और, समसामयिक दुनिया जिस तरह से तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, उसके दृष्टिगत भी हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गम्भीर चिंताएं हैं। ऐसे समय मे भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत सहारे के रूप में उभरी है।

## मात्र 17 वर्ष ...

कुमार कृष्णन

# भारतीय मूल्यों की महान समर्थक सिस्टर निवेदिता



महान स्वतंत्रता सेनानी बिपिन चन्द्र पाल ने कहा था, 'मुझे संदेह है कि किसी और भारतीय ने उस प्रकार भारत से प्रेम किया होगा जैसे निवेदिता ने किया था।' टैगोर ने भारत को उनकी स्व-आहूतिपूर्ण सेवाओं के लिए उन्हें 'लोक माता' की उपाधि दी थी। सुश्री मार्ग्रेट एलिजाबेथ नोबल को स्वामी विवेकानंद द्वारा 'समर्पित' निवेदिता का नया नाम दिया गया था। 28 अक्टूबर 1867 को आयरलैंड में जन्मीं मार्ग्रेट एलिजावेथ नोबल, रेंवरेंड सैमुअल रिचमंड नोबल और उनकी पत्नी 'मेरी' की तीन सन्तानों में बड़ी थीं। मात्र 17 वर्ष की आयु में वह शिक्षिका बनीं और आयरलैण्ड तथा इंग्लैण्ड के विभिन्न विद्यालयों में अध्यापन का कार्य करते हुए अन्ततः 1892 में विंबलडन में अपने विद्यालय की शुरुआत की। वह एक अच्छी पत्रकार तथा वक्ता थीं। 1895 में मार्ग्रेट स्वामी विवेकानन्द से उनकी इंग्लैण्ड यात्रा के दौरान मिलीं। वह वेदान्त के सार्वभौम सिद्धान्तों, विवेकानन्द की मीमांसा और वेदान्त दर्शन की मानववादी शिक्षाओं की ओर आकर्षित हुईं तथा 1896 में भारत आने से पहले तक वह इंग्लैण्ड में वेदान्त आन्दोलन के लिए काम करती रहीं।

भारतीय महिलाओं के उत्थान के लिए स्वामीजी के उत्कट आह्वान से प्रेरित होकर निवेदिता 28 जनवरी, 1898 को अपनी 'कर्म भूमि' भारत के तटों पर पहुंची और वास्तविक भारत को जानने का कार्य आरंभ कर दिया।

निवेदिता ने एक राष्ट्र के रूप में भारत के आंतरिक मूल्यों एवं भारतीयता के महान गुणों की खोज की। उनकी पुस्तक 'द वेब ऑफ इंडियन लाइफ' अनगिनत निबंधों, लेखों, पत्रों एवं 1899-1901 के बीच एवं 1908 में विदेशों में दिए गए उनके व्याख्यानों का एक संकलन है। ये सभी भारत के बारे में उनके ज्ञान की गहराई के प्रमाण हैं. भारतीय मूल्यों एवं परम्पराओं की महान समर्थक निवेदिता ने 'वास्तविक शिक्षा---राष्ट्रीय शिक्षा' के ध्येय को आगे बढ़ाया और उनकी आकांक्षा थी कि भारतीयों को 'भारत वर्ष के पुत्रों एवं पुत्रियों' के रूप में न कि 'यूरोप के भद्दे रूपों' में रूपांतरित किया जाए। वे चाहती थीं कि भारतीय महिलाएं कभी भी पश्चिमी ज्ञान और सामाजिक आक्रामकता के मोह में न फंसे और 'अपने वर्षों पुराने लालित्य एवं मधुरता, विनम्रता और धर्म निष्ठा' का परित्याग न करें। उनका विश्वास था कि भारत के लोगों को 'भारतीय समस्या के समाधान के लिए' एक 'भारतीय मस्तिष्क' के रूप में शिक्षा प्रदान की जाए। निवेदिता ने 1898 में कोलकाता के उत्तरी हिस्से में एक पारम्परिक स्थान पर अपना प्रायोगिक विद्यालय खोला न कि नगर के मध्य हिस्से में जहां अधिकतर यूरोप वासी रहते थे।

# जरा हटके

## हम और ज्यादा के...

ललित गर्ग

# धन के साथ धर्म की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस



दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। धनतेरस अर्थव्यवस्था का महापर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं। हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें. यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस 'आयुर्वेद' का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था। भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो।

# हमारी सोच भी है एक बैरोमीटर

कहते है कि हमारी सोच के इर्द - गिर्द ही हमारा जीवन रहता है ।यह हमारे ऊपर निर्भर है कि इसमें हम कैसे सिंचन करे । हमारी सोच हमारा अच्छा-बुरा महसूस करने का बैरोमीटर हैं । जीवन की राहें टढी-मेढी हैं तो सीधी सरल भी हैं।चट्टान सी कठोरतम है तो पानी सी तरल भी है।जिन्दगी कैसे जीयें?यह हमारी सोच पर निर्भर है । सोच सकारात्मक है तो अमृत है वर्ना गरल सी है। यदि हम यह देखते हैं कि दूसरों के पास क्या-क्या है और फिर खुद को देखते हैं तो चिन्तन अवश्य आ जाता हैं कि हमारे पास भी यह नहीं है यह होना चाहिये आदि - आदि तो हमें बुरा महसूस होना तय है। इसके विपरीत वहीं यदि हम यह देखेंगे कि हमारे पास क्या-क्या है और उनमें से एक अच्छी-अच्छी चीजों की चिन्तन से सूची बनाते हैं तो हमें अच्छा लगना भी तय है। ऐसा होते ही हमारे होठों पर मुस्कान फैल जाएगी और साथ में आँखों आदि में चमक भर जाएगी। जीवन में परिस्थितिवश हम व्यथित होने की बजाय मन को फिर से व्यवस्थित करने की और अग्रसर हो क्योंकि नकारात्मक माहौल मे रहना असफलता से बार बार सामना करने समान है जैसे हम खुद ही खुद से मन में दुःख को इतना बड़ा कर देते है की राई सा दुःख पहाड़ बन जाता हैं जबकि सकारात्मक सोच हमें इस संसार में खुशियाँ दे सकती है और नकारात्मक सोच सिर्फ दुःख ही नहीं देती बल्कि हमको पूरी तरह तबाह कर देती है। हमारी हर सोच आनेवाली परिस्थिति के बीज बोती है तो क्यों ना हम सकारात्मक सोच रखे, वैसे ही मीठे फल पाने के लिए? किसी मुश्किल घड़ी में यदि हम सकारत्मक रहे तो वह दुःखदाई परिस्थिति को भी सुखदाई बना देती है । इसीलिए तो कहते हैं कि हमारी सोच का तरीका अच्छा-बुरा महसूस करने का बैरोमीटर हैं जो कुछ हद तक हमारी प्रसन्नता और मायूसी मापने का एक मीटर हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## बोलीं- बीजेपी नेता ने बाल नोचे, स्टाफ को पीटा, काट डालने की धमकी दी

# थाने में लेट गईं पूर्व ब्लॉक प्रमुख

**पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने कहा- मुझे न्याय चाहिए। अगर मैं मरती हूं या मुझे कुछ भी होता है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। इसमें गाजीपुर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, उनके पति पंकज सिंह और भतीजा विशाल सिंह भी शामिल होंगे।**

**हंगामा**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुसुम चंद्रा सिंह ने थाने में जमकर हंगामा किया। बेटे के साथ गेट पर लेट गईं। पुलिसवालों को जमकर खरी-खोटी सुनाईं। आरोप लगाया कि गाजीपुर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के पति और भाजपा नेता पंकज सिंह ने उनके बेटे और स्टाफ को पीटा।

मेरे भी बाल नोचे और मारपीट की। कहा- अगर 50 लाख नहीं दोगी तो तुम्हारे बेटे और तुमको काटकर फेंक देंगे। 3 घंटे तक हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख को घर भेज दिया। उन्होंने कहा- मैं छठ पूजा करती हूं। मेरा बेटा और 3 स्टाफ के लोग प्लाट मीट बनाने गए थे। इतने में पड़ोसी पंकज सिंह गनर के साथ पहुंचे। उन लोगों ने मेरे बेटे और स्टाफ को प्राइवेट और सरकारी गनर से पिटवाया।



**एसओ लालपुर पांडेयपुर ने बताया कि देर रात आई महिला के प्रार्थना पत्र की जांच की जा रही है, उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। अधिकारियों को जानकारी दी गई है।**

### लालपुर पांडेपुर थाने में हंगामा करते महिला और पुरुष

कुसुम चंद्रा सिंह 2005-10 तक गाजीपुर के सैदपुर की पूर्व ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं। अभी परिवार के साथ वाराणसी में रहती हैं। उनके बगल में गाजीपुर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह रहती हैं।



पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुसुम चंद्रा ने कहा कि बीजेपी नेता ने मेरे बाल नोचे।

### एक प्लाट को लेकर विवाद चल रहा

*कुसुम और सपना सिंह का एक प्लाट को लेकर विवाद चल रहा है। कुसुम शनिवार रात 9 बजे अपने बेटे आयुष सिंह और कर्मचारियों के साथ थाना लालपुर पांडेपुर पहुंचीं और हंगामा करने लगीं। फिर थाने के गेट पर लेट गईं। पुलिसवालों ने उन्हें उठाया।*

### मेरी मां के बाल नोचे, रंगदारी मांग रहा

आयुष सिंह ने बताया- आरोपियों ने मेरी मां के बाल नोचे। मेरे घर के पास एक प्लाट है। उस पर हम लोगों का कब्जा है। उसका केस सिविल कोर्ट में चल रहा है। पंकज सिंह प्लाट पर कब्जा जमाना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने 50 लाख की रंगदारी मांगी और धमकी दी।

# चारा काटते समय युवक का कटा हाथ



तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज बाराबंकी। थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में शुक्रवार देर रात चारा मशीन में चारा लगाते समय एक युवक का एक हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक लहू लूहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। प्राप्त विवरण के मुताबिक घटना थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के चिरैया मजरे गौरा शैलक निवासी मो. जीशान पुत्र मुख्तार उम्र 20 वर्ष देर रात करीब दस बजे जानवरों के लिए मशीन से चारा काट रहा था। तभी अचानक उसका दाहिना हाथ मशीन की चपेट में आ गया। और देखते ही देखते कुछ ही सेकेंड में कलाई से पूरा हाथ कट कर नीचे गिर गया। हाथ कटते ही युवक के हाथ से तेजी से खून बहने लगा। मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर लाया गया। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है।

**फास्ट न्यूज**

### थाने के सामने धरने पर बैठे लेखपाल

अमरोहा। अमरोहा के नौगांवा सादात थाने के बाहर शनिवार शाम का माहौल गरमा गया। तहसीलदार के आदेश पर खनन का एक ट्रैक्टर लेकर थाने पहुंचे लेखपाल से थाने के एसएचओ द्वारा कथित अभद्रता किए जाने के बाद, नाराज लेखपालों ने थाने के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लेखपाल संघ के सदस्यों ने कहा कि नौगांवा सादात थाने के प्रभारी और हैड मोहर्रिर का रवैया लगातार असहयोगात्मक रहा है।

### डीएम-एसपी ने कमरौली में सुनी शिकायतें

अमेठी जिला। शासन के निर्देश पर आज जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कमरौली थाने में उपस्थित होकर जन समस्याओं को सुना और उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों से उनके क्षेत्रों में चल रही समस्याओं की जानकारी ली।

### पश्चिमी यूपी में कोहरे ने दी दस्तक

अमरोहा। पश्चिमी यूपी में कोहरे ने दस्तक दे दी है। अमरोहा जिला शनिवार सुबह से कोहरे की चादर में ढका है। आलम यह है कि नेशनल हाईवे पर भी वाहन लाइट जलाकर और धीमी गति से आ जा रहे हैं। उधर इस कोहरे से ठंड का भी अहसास हुआ है। ठंडी हवाएं चल रहीं है। अमरोहा में अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह से ही ठंड का असर दिखने लगा है। शनिवार सुबह आए सीजन के पहले कोहरे ने ही ठंड का अहसास करा दिया।

# रबी कृषि निवेश मेला कार्यक्रम का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज बाराबंकी। हमारी सरकार से पहले किसानों के बारे में कोई सरकारें ध्यान नहीं देती थी 2014 में जबसे केंद्र में मोदी जी की सरकार और 2017 में प्रदेश में योगीजी की सरकार बनी है तबसे किसानों के स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर उनकी आय को दोगुना करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, उक्त विचार विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कृषि सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम आत्मा योजनांतर्गत विकास खंड स्तरीय रबी कृषि निवेश मेला ग्राम पंचायत-रंजीतपुर के श्री निरंकार स्वामी आश्रम पर व्यक्त किए कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने करीब 300 किसानों को निःशुल्क सरसों बीज का किट का वितरण किया, वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने उपस्थित किसानों से पराली न जलाने पर जोर दिया और सरकार द्वारा किसान हितों के बारे में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ,मंडल अध्यक्ष रंगनाथ त्रिपाठी,प्रधान संघ अध्यक्ष महेश मिश्र व देशराज वर्मा,राम विजय मिश्रा, प्रधान करुणा शंकर शुक्ल ,रामचंद्र वर्मा, शिवम वर्मा एडीओ कृषि सिद्धार्थ मिश्रा, एडीओ एमआई लालमणि यादव, विद्याकांत द्विवेदी ,सोनेलाल शुक्ला समेत क्षेत्र के गणमान्य जन ,किसान व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## मेरठ के मवाना थाने में हुआ था हंगामा, 2 एसआई को भेजा गया पुलिस लाइन

# भाजपाइयों को खदेड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर गाज

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ के मवाना थाने में भाजपा नेताओं को खदेड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। एसएसपी ने दो एसआई को थाने से पुलिस लाइन में अटैच कर दिया है। मेरठ में 5 दिन पहले मवाना थाने पर भाजपा और सपा नेताओं में जमकर टकराव हुआ था। इसके बाद भाजपा नेताओं ने सपा नेता की पत्नी को थाने पर ही पुलिस के सामने अपशब्द कह दिए थे। इसके बाद पुलिस ने भाजपाइयों को थाने में खदेड़ा था। इसके बाद भाजपाइयों ने थाने में ही पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा किया था। इस पूरे मामले में अब कप्तान ने दो एसआई अमित मलिक और सौरभ यादव को पुलिस लाइन से अटैच कर दिया है। दरअसल मवाना में मंदिर समिति के विवाद के चलते हंगामा हुआ था। तब सपा नेता विनोद की पत्नी ने थाने में हंगामा कर दिया था। महिला के हंगामा करते ही भाजपा नेता ने उन्हें अपशब्द कह दिए थे। भाजपा नेता ने महिला के साथ पुलिस के सामने ही बदत्तमीजी कर दी थी और उसे बेहद गलत शब्द बोले थे। इसे देखकर पुलिस भाजपा नेता को चुप कराने लगी थी।



### राज्यमंत्री का खास है भाजपा नेता

सौरभ शर्मा हस्तिनापुर विधायक और राज्यमंत्री दिनेश खटीक का करीबी उनका पीए है। वहीं विनोद गुप्ता सपा नेता हैं और पूर्व में विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि के खास रहे हैं। पुलिस पर एक पक्ष को थाने में अंदर बैठाकर चाय पिलाने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि सीओ मवाना ने इस आरोप को निराधार बताया है।

### इन पर भी हुआ है एक्शन

इसके अलावा एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने टीपीनगर थाने से हेडकांस्टेबल राहुल कुमार और कपिल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। कंकरखेड़ा से सिपाही राकेश कुमार को लाइन भेज दिया। सरधना थाने से हेडकांस्टेबल दीपक चौहान, शोहबरन सिंह और सिपाही अभिषेक कुमार और राहुल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया।

### वीरेंद्र कुमार प्रमोट होकर बने पुलिस उपाधीक्षक

अमेठी जिला। अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बनबीरपुर गांव के रहने वाले वीरेंद्र दुबे ने अपने कार्यक्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। वीरेंद्र दुबे को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है। 2001 में एसआई के रूप में पुलिस सेवा में कदम रखने वाले वीरेंद्र दुबे ने एसटीएफ, एटीएस जैसे विशेष बलों में भी सेवाएं दी हैं। 25 अक्टूबर 2024 को आपदा मोचन बल में उनकी सेवा को देखते हुए उन्हें पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। वीरेंद्र दुबे का करियर सफर बरेली में पहली तैनाती से शुरू हुआ, जिसके बाद उन्होंने रायबरेली, मिर्जापुर, एसटीएफ और एटीएस में अपनी भूमिका निभाई। उनके कार्य का एक अहम पड़ाव रहा जब वे राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) बने। वर्तमान में वे राज्य आपदा मोचन बल में इंस्पेक्टर के पद पर सेवा दे रहे थे, जहां से उनकी प्रमोशन की घोषणा हुई।

## अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया

# सुचारू मतदान के लिए वाहनों की समयबद्ध उपलब्धता के निर्देश

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। आगामी विधानसभा उपचुनाव 2024 (277–कटेहरी विधानसभा) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भौलेंद्र प्रताप सिंह, तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बैठक के दौरान संबंधित विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि चुनाव कार्य के लिए आवश्यक वाहनों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी को यह भी निर्देश दिया कि वाहन निर्धारित स्थल पर आवश्यकतानुसार 10 नवंबर 2024 की शाम तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों।



### निर्वाचन प्रक्रिया में परिवहन की भूमिका

जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे वाहन मालिकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान वाहनों की कमी नहीं होनी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### मतदान की तैयारियों पर जोर

बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया की आवश्यकताओं और चुनौतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय प्रबंधन को इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही, उन्होंने वाहन संचालकों से सहयोग की अपील की, ताकि कटेहरी विधानसभा के उपचुनाव को सुचारू रूप से आयोजित किया जा सके।

### सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर अपने विचार साझा किए और चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

**कटेहरी विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर प्रशासन की इस बैठक का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है। बैठक में प्रशासनिक और शैक्षिक संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की पहल की गई, ताकि चुनाव में वाहनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।**

# निजी अस्पतालों में औषधि वितरण की सख्ती

## मेसर्स गायत्री फार्मेसी का औचक निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के तहत निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में मरीजों को सस्ती और आसानी से उपलब्ध औषधियां प्रदान करने के उद्देश्य से औषधि निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सख्ती की गई है। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत आज बसखारी रोड स्थित ऐस हॉस्पिटल के परिसर में संचालित ₹मेसर्स गायत्री फार्मेसी₹ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, फार्मेसी में नियुक्त फार्मासिस्ट को उपस्थित पाया गया, जो कि औषधियों की बिक्री और वितरण का कार्य संभाल रहे थे। मौके पर क्रय-विक्रय के अभिलेखों की गहन जांच की गई, जिसमें औषधियों के स्टॉक और उनकी सही रखरखाव की भी समीक्षा की गई। औषधि निरीक्षक ने इस बात की पुष्टि की कि फार्मेसी के संचालन में आवश्यक नियमों का पालन हो रहा है और केवल लाइसेंसधारी फार्मासिस्ट द्वारा ही दवाओं का वितरण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि केवल वही औषधियां विक्री की जाएं, जो अन्य मेडिकल स्टोर्स पर आसानी से उपलब्ध हों, जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, औषधियों को प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर नहीं बेचा जाए ताकि मरीजों को उचित दरों पर औषधियां मिल सकें।

## समारोह : कटेहरी विधानसभा क्षेत्र की उपचुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है : स्वतंत्र देव

# जल शक्ति मंत्री ने भाजपा की मजबूती का किया आह्वान



बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में आगामी उपचुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा के केंद्रीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन समारोह में हुआ। यह समारोह जल शक्ति एवं आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा के प्रत्याशी/पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, रमा शंकर सिंह, और जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा जैसे प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे। स्वतंत्र देव सिंह ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि भाजपा प्रत्याशी की जीत से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। ₹हम पिछले वर्षों से सपा और बसपा के प्रत्याशियों द्वारा प्रतिनिधित्व के बावजूद क्षेत्र के विकास की गति धीमी रही है। अब समय आ गया है कि हम एक मजबूत नेतृत्व को चुने, जो कटेहरी के विकास की गति को तेज कर सके,₹ उन्होंने कहा। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के हर वर्ग तक पहुंचें और भाजपा के विकासात्मक दृष्टिकोण को साझा करें।



**इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, और अन्य कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा की इस सक्रियता से यह स्पष्ट होता है कि पार्टी आगामी उपचुनाव में जीत की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रही है।**

### उद्घाटन समारोह की रौनक

भाजपा के केंद्रीय चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में जोर देकर कहा, ₹कटेहरी विधानसभा क्षेत्र की उपचुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है।₹ उन्होंने कहा कि कटेहरी की जनता सपा के परिवारवाद की राजनीति से ऊब चुकी है और अब वे एक ऐसा विकल्प चाहती हैं जो उनके विकास के लिए काम करे। ₹इस बार, हम सपा और बसपा के प्रत्याशियों की जमानत जब्त करवाने के लिए तैयार हैं। यह समय है जब भाजपा कमल खिलाएगी,₹ उन्होंने जोर देते हुए कहा।

# जनपदीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के गठन हेतु आमसभा संपन्न

## नई कार्यकारिणी के गठन के साथ शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिला मुख्यालय स्थित बीएनकेबी कॉलेज, अकबरपुर में जनपदीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के गठन के लिए जिले के सहायता प्राप्त (एडेड) महाविद्यालयों के शिक्षकों की आमसभा का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य नई कार्यकारिणी का गठन और शिक्षकों की समस्याओं पर विचार करना था। जिले के समस्त सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया। बीएनकेबी पीजी कॉलेज, अकबरपुर के इकाई मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने अध्यक्ष पद के लिए समाजशास्त्र के सहायक आचार्य डॉ. अतुल मिश्र का नाम प्रस्तावित किया। आमसभा ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया, जिससे डॉ. अतुल मिश्र को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद, अन्य पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए बाबा बरुआ दास पी.जी. कॉलेज, परुइय्या आश्रम के डॉ. विवेक शुक्ला, जिला मंत्री पद के लिए टीएनपीजी कॉलेज, टांडा के डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, और संयुक्त मंत्री पद के लिए टीएनपीजी कॉलेज के डॉ. अतुल सिंह और बाबा बरुआ दास पी.जी. कॉलेज की डॉ. प्रतिमा मौर्य के नामों पर सहमति बनी।



**कोषाध्यक्ष पद के लिए बीएनकेबी पीजी कॉलेज, अकबरपुर के डॉ. रवि कुमार को चुना गया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में बीएनकेबी पीजी कॉलेज, अकबरपुर की सुमित्रा पटेल और टी.एन. पी.जी. कॉलेज, टांडा के डॉ. शशि सिंह को चुना गया।**

### सुरेश के पास डेढ़ करोड़ का मकान, ढाई करोड़ का होटल, भीम आर्मी ने मजदूर को बनाया प्रत्याशी

# सीसामऊ सीट पर भाजपा प्रत्याशी सबसे अमीर

**ब्यौरा**

- भाजपा प्रत्याशी सुरेश के पास 1.50 करोड़ का मकान

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। सीसामऊ उपचुनाव में नामांकन को दौर पूरा हो गया है। सभी प्रत्याशियों ने नामांकन गुरुवार को पूरा कर लिया। नामांकन के दौरान सभी प्रत्याशियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा दिया। हलफनामे के मुताबिक, संपत्ति का आंकलन करें जो प्रत्याशियों में भाजपा उम्मीदवार सबसे अमीर हैं। भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए बताया कि कानपुर यूनिवर्सिटी से एलएलबी, एमकॉम, बीकॉम की पढ़ाई की है। उनके पास एक लाख रुपए की नकदी है। बैंक में करीब 80 लाख रुपए जमा हैं। इसके साथ 7.50 लाख रुपए का जीवन बीमा है। इनके पास दो कार और एक बुलेट है। प्रत्याशी के पास कुछ भी स्वार्जित संपत्ति नहीं है।



भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी पैसों के मामले में सबसे आगे हैं।

#### आजाद समाज पार्टी ने मजदूर को दिया टिकट

हमीरपुर के पूर्वी तरौस मौदहा निवासी आसपा प्रत्याशी चांद बाबू आयकर दाता की श्रेणी में नहीं आते हैं। पेशे से मजदूर चांद बाबू की मासिक आय 32 हजार रुपये है। जबकि पत्नी नगर निगम में चपरासी हैं।

> सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी की कुल आय 6,50,400 रुपए हैं। उनके पास 150 ग्राम सोना, जिसकी कीमत 11 लाख 25 हजार, एक किलो चांदी, एक रिवाल्वर भी है।

#### नसीम के पास दो प्लॉट, लेकिन दोनों सीज

स्वर्ण जयंती एक्सटेंशन में दो प्लाट है, मगर दोनों प्लाट सीज हैं। प्लाट 163 व 162 वर्गगज के हैं। नसीम के ऊपर कोई बकाया या ऋण नहीं है। कोई भी आपराधिक मुकदमा या कोर्ट में विचाराधीन मामला नहीं है। खुद के पास कोई वाहन भी नहीं है।

#### बसपा प्रत्याशी भी हैं करोड़पति

वहीं बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार कानपुर देहात के दरियापुर निटर्रा के है। आय का साधन पेंशन व कृषि भूमि है। आवास विकास योजना संख्या तीन कल्याणपुर में भी मकान है। जिसकी कीमत एक करोड़ 50 लाख है। प्रत्याशी के हाथ में नकदी एक लाख व पत्नी के पास 50 हजार है।

#### 3 मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन

इनके पास एक होटल भी जिसकी कीमत 2.50 करोड़ रुपए है। परमट में एक फ्लैट 30 लाख रुपए का है। वहीं पत्नी के नाम एक लखनऊ में फ्लैट है। जो 30 लाख रुपए की कीमत का है। इनके आय का श्रोत होटल का किराया है। इन पर तीन मुकदमे हैं जो न्यायालय में विचाराधीन हैं।



आजाद समाज आर्मी ने दलित प्रत्याशी के तौर पर चांद बाबू को उतारा है।

#### सुरेश की पत्नी के पास भी रिवॉल्वर

*4.60 लाख रुपए का सोना और 315 बोर की राइफल है। इनकी पत्नी भी रिवाल्वर रखने की शौकीन हैं। उनके पास एक रिवाल्वर है। करीब 18 लाख का सोना और एक किलो चांदी है। 50 हजार की नकदी है और 18.39 लाख रुपए बैंक में जमा है। इसके अलावा लखनऊ में करीब 1.50 करोड़ रुपए का मकान है।*

# नर्स से गैंगरेप, हाथ-पैर बांध रेलवे ट्रैक पर फेंका

- चित्रकूट में 3 युवकों ने बीच रास्ते रोका, आंख पर घूसे मारे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

चित्रकूट। चित्रकूट में एक नर्स के साथ 3 युवकों ने गैंगरेप किया। वह एक प्राइवेट अस्पताल में काम करती है। शनिवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे साइकिल से अस्पताल जा रही थी। तभी सड़क किनारे खड़े युवक ने पीछे से पत्थर मारकर उसको रोक लिया। इसके बाद युवक ने मौके पर अपने और साथियों को बुला लिया। फिर उसके साथ रेप किया।

पहचान छिपाने के लिए आरोपियों ने नर्स के चेहरे पर घूसे मारे। इसके बाद उसके हाथ-पैर बांधकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। होश आने पर नर्स ने ट्रैक पर मौजूद एक युवक को इशारे से बुलाया। उसी युवक ने नर्स को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही पुलिस को भी घटना के बारे में बताया। मामला बरगढ़ थाना क्षेत्र का है। अस्पताल पहुंची पुलिस ने नर्स के बयान लिए हैं। उसकी हालत गंभीर है। बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। वहीं पर उसका मेडिकल होगा। पुलिस को घटना की सूचना देने वाला युवक लापता है। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। पुलिस ने 3 आरोपियों पर गैंगरेप का केस दर्ज कर लिया है। नर्स ने बताया, मैं रोज की तरह अपने घर से अस्पताल जाने के लिए निकली। साइकिल से अस्पताल जा रही थी। तभी मुझे सड़क पर 1 लड़का खड़ा दिखाई दिया। मैंने उन पर ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ गई।



**फास्ट न्यूज**

#### हरेंद्र मसीह पर एक लाख रुपए का इनाम

कानपुर। कानपुर के सिविल लाइंस स्थित मैरी एंड मेरीमैन स्कूल कम्पाउंड कब्जाने के प्रयास मामले में पर्दे के पीछे का मास्टरमाइंड हरेन्द्र मसीह पर पुलिस प्रशासन ने एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा कर दी है। हरेन्द्र मसीह वर्तमान में फरार है। एक लाख का इनाम बढ़ने के साथ ही एसटीएफ भी हरेन्द्र मसीह को खोजने में सक्रिय हो गई है। उसकी तलाश यहां से लेकर दक्षिण भारत तक की जा चुकी है।

#### कानपुर में धोखे से कराया धर्मांतरण, फिर किया निकाह

कानपुर। कानपुर के बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग को अगवा करके धर्मांतरण और निकाह करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज की थी। अब नाबालिग को बरामद करने के साथ ही आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। नाबालिग ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसका जबरन धर्मांतरण कराकर निकाह कराया गया। दस दिनों तक उसके साथ आरोपी रेप करता रहा। पुलिस ने मामले में रेप, पाक्सो एक्ट और धर्मांतरण की धारा बढ़ाई है।

#### डीएम की अध्यक्षता में सड़क-सुरक्षा समिति की बैठक

बागपत। बागपत में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। डीएम ने बागपत राष्ट्रीय राजमार्ग के पीडब्ल्यूडी अधिकारी नरेंद्र कुमार की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए।

# यात्री भार को देखते हुए कई ट्रेनों में डिब्बों की अस्थाई बढोतरी

### त्यौहारो के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु स्पेशल ट्रेनों का संचालन

- रेलवे द्वारा यात्रियों को संरक्षित एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के सभी प्रयास किए जा रहे है।

**तमसा संकेत, संवाददाता**

नई दिल्ली। रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारी मौसम में अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान मे रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है साथ ही यात्री भार को देखते हुए कई ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त डिब्बे भी जोड़े गए हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार दीपावली, छठ पूजा इत्यादि त्योहारों के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए रेलवे द्वारा 47 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। दिल्ली, मुंबई बांद्रा टर्मिनस, तिरुपति, हैदराबाद, रांची, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, हैदराबाद , ओखा एवं कई अन्य प्रमुख स्थानों के लिए 47 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही यात्री भार की समीक्षा कर अभी तक कुल 68 ट्रेनों में 145 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी भी की गई है। इसके अतिरिक्त और भी ट्रेनों में डिब्बों की उपलब्धता अनुसार डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी के प्रयास किए जा रहे हैं।



> साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टाफ लगाये जा रहे है। विशेष काउंटर बनाए गए है। स्पेशल ट्रेनों के बारे में उद्घोषणा प्रणाली द्वारा लगातार उद्घोषणा की जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने हेतु आरपीएफ के अतिरिक्त जवान नियुक्त किये जा रहे हैं।

### दरवाजा तोड़कर निकाली डेड बॉडी, हार्ट फेलियर से विजय मिश्र की मौत

# प्रयागराज के होटल में मिली वाराणसी के वकील की लाश

**तमसा संकेत, एजेंसी**


प्रयागराज। प्रयागराज में वाराणसी के वकील विजय कुमार मिश्रा (40) का शव होटल के कमरे में मिला। वकील विजय कुमार मिश्रा का शव शुक्रवार रात सिविल लाइंस स्थित एक होटल के कमरे में से बरामद हुआ। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पोस्टमॉर्टम में हार्ट फेलियर से मौत होने की पुष्टि हुई है। सूचना पर देर रात घरवाले पहुंच गए। इंस्पेक्टर का कहना है उनकी गर्दन मुड़ी हुई थी। गिरने से भी ऐसा हो सकता है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी मां की बीमारी से मौत हो गई थी। इन दिनों वह परेशान चल रहे थे।



#### फर्श पर पड़ा था शव

सिविल लाइंस पुलिस ने पहुंचकर जांच की। होटल कर्मियों से पूछताछ की तो पता चला कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। पुलिस ने आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में खिड़की से चेक किया गया तो अंदर वकील का शव फर्श पर पड़ा नजर आया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो वकील का शव बरामद हुआ।

> सिविल लाइंस इंस्पेक्टर राम आश्रय ने बताया- विजय कुमार मिश्रा वाराणसी में गंगोत्री नगर कॉलोनी शिवपुर के रहने वाले थे। वे बार में अपने आईकार्ड का नवीनीकरण कराने के लिए प्रयागराज आए थे।



#### पत्नी का फोन नहीं उठाया तो पुलिस को सूचना दी

शुक्रवार को उनकी पत्नी ने कई बार कॉल किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद वाराणसी पुलिस से संपर्क किया। वाराणसी पुलिस ने प्रयागराज पुलिस से संपर्क साधा। उनके साथी वकील से बात की। फिर पता चला कि वे सिविल लाइंस के होटल में ठहरे हुए थे

### अतीक के दोनों बेटों के बाद गैंग मेंबरों पर पुलिस का शिकंजा, कार्रवाई तेज

# माफिया अतीक करीबी गोतस्कर मुजफ्फर पर अब लगा गैंगस्टर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। माफिया अतीक और उसके गैंग मेंबरों पर एक्शन तेज हो गया है। अतीक के दोनों बेटे उमर और अली पर गैंगस्टर लगने के बाद अब अतीक गैंग के गोतस्कर ब्लॉक प्रमुख कौड़िहार मोहम्मद मुजफ्फर पर गैंगस्टर लगाया गया है।

मुजफ्फर के साथ ही उसके तीन साथियों पर भी कार्रवाई हुई है। सोरांव पुलिस ने गिरोह बंद अधिनियम (गैंगस्टर) के तहत कार्रवाई की है। मुजफ्फर के अलावा उसके भाई मो. असलम और मो. आदिल के खिलाफ भी गैंगेस्टर का केस दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी फरार हैं। माफिया अतीक और उसके गैंग मेंबरों के खिलाफ एकाएक पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मुज्जफर अतीक का बहुत ही करीबी रहा है। जमीन के अलावा उस पर गोतस्करी के आरोप लगते रहे हैं।

इसका परिवहन बिहार, बंगाल व अन्य प्रांतों में करते हैं, इस गैंग का क्षेत्र में इतना भय व आतंक व्याप्त है कि जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध थाने में शिकायत करने व अदालत में गवाही देने का साहस नहीं कर पाता हैं।



#### जानिए क्या है इस गैंगस्टर की कहानी

बता दें कि मो. मुजफ्फर व उसके गैंग के सदस्यों द्वारा गोतस्करी के लिए ट्रक पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर परिवहन किया जा रहा था। इस संबंध में सोरांव थाने में केस दर्ज है। आरोपी मो.मुजफ्फर गैंगलीडर एवं उसके गैंग के अन्य सक्रिय सदस्य भौतिक एवं आर्थिक लाभ के लिए गोतस्करी व अन्य अपराध करते हैं। गिरोह के सरगना मुजफ्फर व सदस्यों का आपराधिक इतिहास है। उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं।

> सोरांव पुलिस ने रिपोर्ट तैयार की है कि मो. मुजफ्फर पुत्र मो. मुख्तार निवासी ग्राम चफरी नवाबगंज, उसके भाई असलम व मो. आदिल निवासी मोतीकुंज थाना लोहामंडी आगरा का एक संगठित गिरोह है। इसका गैंग लीडर मो. मुजफ्फर है। वह गोतस्करी के धंधे में लिप्त है।

# 06 जिलों में 'स्पेशल एजुकेशन जोन' तैयार करेगी योगी सरकार

- जीरो से लेकर यूनिवर्सिटी तक की दी जाएगी शिक्षा, विभिन्न एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की होगी स्थापना
- लखनऊ की तर्ज पर अयोध्या, गोरखपुर आगरा, गौतम बुद्ध नगर व बुंदेलखंड में भी होगी एसईजेड की स्थापना

### लखनऊ के मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्र में प्रदेश के पहले स्पेशल एजुकेशन जोन का होगा विकास

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को भविष्य की जरूरतों के अनुसार मॉडर्न व एडवांस्ड एजुकेशन हब के तौर पर विकसित करने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। इस क्रम में अब योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए लखनऊ समेत प्रदेश के छह जिलों में 'स्पेशल एजुकेशन जोन' विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या, आगरा, गौतम बुद्ध नगर व बुंदेलखंड शामिल हैं। खास बात यह है कि इन स्पेशल एजुकेशन जोन (एसईजेड) में विभिन्न एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना के जरिए जीरो से लेकर यूनिवर्सिटी तक की शिक्षा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनाने के सीएम योगी के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एजुकेशन सेक्टर का भी बड़ा योगदान होगा। इसी कारण एजुकेशन सेक्टर को बाकायदा इंडस्ट्री के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। इस इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को भी कैबिनेट से स्वीकृति मिल चुकी है। ऐसे में प्रदेश को वर्ल्ड क्लास क्वॉलिटी एजुकेशन का हब बनाने और 'एक मंडल एक विश्वविद्यालय' के बाद अब 'एक जिला एक विश्वविद्यालय' के लक्ष्य पर फोकस किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश में एसईजेड की स्थापना को लेकर बनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अनुसार, लखनऊ के मोहान रोड पर प्रदेश के पहले एसईजेड की स्थापना होगी।



## पृष्ठ 01 का शेष...

#### भारत-चीन सीमा ...

दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

18 अक्टूबरः देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी

2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

25 अक्टूबरः भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार, 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरू हो गई हैं। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जाए जा रहे हैं।

आर्मी के सूत्रों के मुताबिक 28 और 29 अक्टूबर तक दोनों देश देपसांग और डेमचोक से अपनी- अपनी सेनाएं पूरी तरह हटा लेंगे। पेट्रोलिंग के लिए सीमित सैनिकों की संख्या तय की गई है। ये संख्या कितनी है, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

समझौते में लद्दाख के देपसांग के तहत आने वाले 4 पॉइंट्स को लेकर सहमति बन गई है, लेकिन डेमचोक के गलवान घाटी और गोगरा हॉट स्प्रिंग्स में गश्त को लेकर कुछ नहीं कहा गया है।

देपसांगः भारतीय सेना के मुताबिक, सैनिक अब गश्त के लिए देपसांग में पेट्रोलिंग पॉइंट 10, 11, 11-A, 12 और 13 तक जा सकेंगे।

#### साइक्लोन 'दाना' ...

ओडिशा में सबसे ज्यादा नुकसान केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों में हुआ है। तेज हवा से कई पेड़ उखड़ गए। बिजली के खंभे टूट गए हैं। इससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। तूफान के चलते नजदीकी राज्यों झारखंड, बिहार में भी बारिश हो रही है।

शुक्रवार को दक्षिण बंगाल के 8 जिलों में भारी बारिश होती रही। कोलकाता में 24 घंटे में 4 इंच पानी बरसा। हालांकि, दोनों राज्यों में शुक्रवार सुबह 8 से 9 बजे के बीच हवाई और 10 बजे रेल ट्रैफिक बहाल कर दिया गया था।

तूफान के दौरान ओडिशा में 4,859 गर्भवतियों को प्रसव केंद्र भेजा गया था। इनमें से 2,211 ने 23 और 24 अक्टूबर को बच्चों को जन्म दिया। 1,858 बच्चे सामान्य डिलीवरी से हुए। नवजातों में 18 ट्विन्स हैं।

#### सरकार की सोशल ...

शनिवार को भी 33 इंडियन एयरलाइंस को बम से उड़ाने की धमकी मिली। बीते 13 हफ्ते में 300 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स को बम की धमकी मिल चुकी है। जांच में सभी गलत पाई गईं।

धमकियों के कारण एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा नुकसान हुआ है।

शनिवार को 33 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसमें इंडिगो, एअर इंडिया और विस्तारा की 11-11 फ्लाइट्स हैं। इसके साथ ही देश में बीते 13 दिन में 300 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। ये सभी धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं।

#### जाति-भाषा में भेद ...

वह सबको सुख प्रदान करेगी। हिंदुओं को तोड़ने के लिए शक्तियां काम कर रही हैं। आगाह करना जरूरी है।

क्या संघ और भाजपा में खींचतान चल रही? इस पर होसबोले ने कहा- हम सार्वजनिक संगठन हैं। हमारी किसी के साथ खींचतान नहीं। हम भाजपा, कांग्रेस, उद्योगपति सभी लोगों से मिलते हैं। हम चाहते हैं कि समाज में नफरत न हो।

दत्तात्रेय ने कहा- RSS प्रमुख ने पंच परिवर्तन का उल्लेख किया है। 1- कुटुंब प्रबोधन, 2- सामाजिक समरसता, 3- पर्यावरण संरक्षण, 4- स्वदेशी जीवन शैली, 5- नागरिक कर्तव्य। इन 5 विषयों की अपने जीवन में आदत डालें। दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। इस बार 100वें वर्ष में संघ ने प्रवेश किया है।

#### महाराष्ट्र चुनाव में...

मई महीने में लोकसभा चुनाव हारे दो नेताओं सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर विधानसभा और मिहिर कोटेचा को मुलुंड सीट से टिकट मिला है। इसके अलावा मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार को बांद्रा पश्चिम से और उनके भाई विनोद शेलार को मलाड पश्चिम से टिकट मिला है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर कोलाबा से और नितेश राणे को कंकावली से चुनाव लड़ेंगे। नार्वेकर शिवसेना और NCP विधायकों की सदस्यता खत्म नहीं करने को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। नितेश राणे मुस्लिम विरोधी बयानों को लेकर विवादों में हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की सीट कराड दक्षिण से अतुल भोसले को और छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज शिवेंद्रराजे भोसले को सातार से उम्मीदवार बनाया गया है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और NCP अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

2024 लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में INDIA गठबंधन को 30 और NDA को 17 सीटें मिलीं।। इनमें BJP को 9, शिवसेना को 7 और NCP को सिर्फ 1 सीट मिली। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ। 2019 लोकसभा चुनाव से NDA को 41 सीटें मिली थीं। 2014 में यह आंकड़ा 42 था। यानी आधे से भी कम।

#### होटलों को बम की ...

अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है।

इंडिया टुडे के मुताबिक, तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था- IED बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरू फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के DGP, डिप्टी CM उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और ISI का जिक्र था। ड्रग मामले में DMK के जाफर सादिक की गिरफ्तारी मामले को लेकर तमिलनाडु DGP शंकर जीवाल ने किरुथिगा उदयनिधि चेट्टियार से ध्यान हटाने के लिए बम प्लांट किए हैं।

DGP ने ISI के साथ मिलकर यह काम किया है। होटल कैंपस को खाली करें और IED बम को डिफ्यूज करने के लिए बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाएं।

#### कटेहरी उपचुनाव...

बीजेपी ने टिकट वितरण में सवर्ण उम्मीदवारों को दरकिनार करते हुए अन्य जाति के उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जिससे सवर्ण मतदाताओं में नाराजगी की स्थिति बनती दिख रही है। ऐसे में पार्टी के सामने कटेहरी में 'कमल' खिलाने की चुनौती खड़ी हो गई है। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) की प्रत्याशी शोभावती वर्मा पर परिवारवाद का आरोप है, क्योंकि उनके पति सपा के सांसद हैं। इस वजह से इस चुनाव में सपा भी विभिन्न समीकरणों का सामना कर रही है। सूत्रों की मानें तो अवधेश द्विवेदी की नाराजगी से उपचुनाव में बीजेपी को नुकसान हो सकता है। अवधेश के समर्थक उनकी इस नाराजगी में साथ खड़े नजर आ रहे हैं, और अगर यह असंतोष सवर्ण मतदाताओं तक पहुंचता है, तो बीजेपी की चुनावी राह मुश्किल हो सकती है।

#### दिल्ली में सात ...

वीडियो में देखा जा सकता है कि गली से कुछ लोग निकल रहे थे। तभी लड़की सात मंजिल की इमारत से कूद जाती है। नीचे गिरते ही लड़की की मौत हो जाती है।

## कहा- कुछ और साल क्रिकेट एंजॉय करना चाहता हूं, मुझे 9 महीने फिट रहना पड़ता है

# 43 साल के धोनी खेल सकते हैं आईपीएल

### मीटिंग

**गोवा, एजेंसी**

टीम इंडिया पूर्व कप्तान एमएस धोनी (43) ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) खेलने के संकेत दिए हैं। धोनी ने कहा कि वे कुछ और साल इस खेल को एंजॉय करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक धोनी ने अपनी अवेलिबिलिटी के बारे में कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया है। धोनी को CSK मैनेजमेंट की 29-30 अक्टूबर को होने वाली मीटिंग में शामिल होना है, लेकिन उनके शामिल होने को लेकर आधिकारिक बयान नहीं आया है। IPL के लिए रिटेंशन लिस्ट देने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। CSK मैनेजमेंट की मीटिंग में ही धोनी पर फैसला होना है। एमएस धोनी IPL के पहले सीजन से ही चेन्नई से खेल रहे हैं। उन्होंने अब कप्तानी छोड़ दी है। पिछले सीजन में ऋतुराज गायकवाड़ ने CSK की कप्तानी की थी, लेकिन टीम प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाई थी। धोनी की कप्तानी में CSK 5 खिताब जीत चुकी है। यह कठिन नहीं है। इमोशन होंगे, पर वहां कमिटमेंट भी होगा। मैं इस खेल को कुछ साल और इंजॉय करना चाहता हूं।



### पिछले सीजन में 224 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए

धोनी को इस तरह 2025 के IPL तक उनके रिटायरमेंट और आखिरी मैच दोनों को 5 साल से ज्यादा का समय हो जाएगा। इस नियम का इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया, जिस कारण 2021 में इसे हटा दिया गया। हालांकि, अब धोनी के लिए CSK इस नियम को यूज करके 4 करोड़ में धोनी को टीम में शामिल कर सकती है।


> धोनी ने आईपीएल के पिछले सीजन में 11 मैच खेले थे। उन्होंने 224.48 के स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए थे। उनका बेस्ट नाबाद 37 रन रहा। धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पारी के आखिरी ओवर में टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या को लगातार 3 सिक्स लगाए थे।

### धोनी बोले- प्रोफेशनल क्रिकेट मुश्किल

धोनी ने शुक्रवार को एक प्रमोशनल इवेंट में कहा- 'बचपन में हम शाम 4 बजे खेलने के लिए बाहर जाते थे और खेल का आनंद लेते थे, लेकिन जब आप प्रोफेशनल स्पोर्ट खेल रहे होते हैं, तो क्रिकेट को एक खेल के तौर पर इंजॉय करना कठिन हो जाता है। मैं यही करना चाहता हूं।

### रिटेंशन रूल से कैसे खेल सकेंगे धोनी

एमएस धोनी अनकैप्ड प्लेयर बनकर IPL खेल सकते हैं। 2021 में बंद किए गए अनकैप्ड प्लेयर रूल को IPL में इस साल फिर से शामिल किया गया है। इसमें 5 साल पहले इंडियन टीम से रिटायर होने वाले खिलाड़ी ऑक्शन में बतौर अनकैप्ड प्लेयर बनकर शामिल हो सकेंगे। 5 बार की IPL चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 में खेला था।



## रवींद्र जडेजा ने पहले दिखाया गुस्सा फिर एमएस धोनी के अंदाज में किया रन आउट

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने पुणे में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के पांच विकेट जल्दी गिरा दिए। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पांच विकेट के नुकसान पर 198 रनों के साथ की थी। टीम इंडिया के गेंदबाजों ने शनिवार को पहले ही सेशन में न्यूजीलैंड के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इस दौरान रवींद्र जडेजा ने भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का अंदाज दिखाया और विकेट निकाला।

न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए और भारत को 359 रनों का टारगेट दिया है। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे जिसके सामने टीम इंडिया 156 रनों पर ढेर हो गई थी। दूसरी पारी में कीवी टीम 103 रनों की बढ़त के साथ उतरी थी।

# फुल टॉस बॉल पर बोल्ड हुए कोहली जडेजा को दो ओवर में 2 जीवनदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### पंत ने न्यूजीलैंड के कप्तान लैथम का कैच छोड़ा

पुणे टेस्ट का दूसरा दिन भी स्पिनर्स के नाम रहा। न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 156 रन पर समेट दिया। मिचेल सैंटनर ने 7 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। कीवी टीम को पहली पारी के आधार पर 103 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में स्टंप्स तक उसने 5 विकेट खोकर 198 रन बनाए। यानी न्यूजीलैंड की कुल बढ़त 301 रन की हो गई है।

दिन के पहले ओवर में अंपायर्स कॉल से गिल आउट होने से बचे, यशस्वी जायसवाल का विकेटकीपर ब्लंडेल ने कैच छोड़ा, जडेजा को दो ओवर में 2 जीवनदान मिले दूसरे दिन के यादगार पल रहे।

इसके बाद 22वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की, लेकिन मिचेल सैंटनर ने इस साझेदारी को बनते ही तोड़ दिया। सैंटनर ने गिल को 30 रन पर LBW आउट किया।




इंडियन पारी के 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल को जीवनदान मिला। मिचेल सैंटनर की ऑफ स्टंप से बाहर जाती बॉल जायसवाल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के पास गई, लेकिन वे इस कैच को नहीं पकड़ सके।

इसके बाद 27वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया।

> दिन के पहले ही ओवर में शुभमन गिल आउट होने से बचे। उन्हें अंपायर्स कॉल ने बचा लिया। मिचेल सैंटनर के ओवर की तीसरी बॉल गिल के पैड पर लगी। सैंटनर ने अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। ऐसे में कीवी कप्तान लैथम ने डीआरएस लिया। रिप्ले में दिखा कि गेंद बल्ले पर नहीं लगी है, लेकिन लेग स्टंप के बाहरी हिस्से को हिट कर रही थी। ऐसे में गिल अंपायर्स कॉल से बच गए।


## इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया, साजिद खान को मैच में 10 विकेट, शकील का शतक

# पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर पर सीरीज जीती

**रावलपिंडी, एजेंसी**

रावलपिंडी टेस्ट में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 9 विकेट हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर पर सीरीज (2-1) से जीत ली है। मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 112 रन पर बिखर गई हैं। टीम ने पाकिस्तान को 36 रन का टारगेट दिया। जिसे टीम ने 3.1 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान शान मसूद ने 6 बॉल पर 23 रन की पारी खेली। उन्होंने सिक्स लगाकर मैच जिताया।

शनिवार को इंग्लैंड ने अपने कल के स्कोर 24/3 से आगे खेलना शुरू किया। टीम से जो रुट ने 33 और हैरी ब्रूक ने 26 रन की पारी खेली। पाकिस्तान से साजिद खान ने मैच में 10 विकेट लिए। जबकि नोमान अली को 9 विकेट मिले। सऊद शकील ने 134 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की तीसरे टेस्ट में वापसी हो गई है।





रेहान अहमद ने 17 .4 ओवर में 66 रन देकर 4 विकेट लिए।

### पाकिस्तानी स्पिनर्स का दबदबा

तीसरे दिन पाकिस्तान के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की। लेफ्ट ऑर्म स्पिनर नोमान अली ने 5 विकेट लिए। उन्होंने जैक क्रॉले को 2 रन, ओली पोप को 1 रन, जो रुट 33 रन, हैरी ब्रूक 26 रन और कप्तान बेन स्टोक्स को 3 रन पर आउट कर दिया। नोमान ने 18.2 ओवर में 42 रन देकर 6 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 4 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 18 ओवर में 69 रन पर 4 विकेट लिए।

### सऊद शकील का शतक

*सऊद शकील ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। उन्होंने 134 रन की पारी खेली। पारी में शकील ने 5 चौके लगाए। शकील ने नोमान अली और साजिद खान के साथ अंतिम 2 विकेट के लिए फिफ्टी साझेदारी की। उन्होंने आठवें विकेट के नोमान के साथ 151 गेंदों पर 88 रन की पार्टनरशिप की। इसके बाद नौवें विकेट के लिए उन्होंने साजिद खान के साथ 72 रन जोड़े।*

> मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद अपने कल के स्कोर पर मात्र 3 रन जोड़े सके और 26 रन पर आउट हो गए। इसके बाद लड़खड़ाती पारी को सऊद शकील और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने संभाला। दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 52 रन जोड़े। इससे पहले शान मसूद और शकील ने मिलकर 53 रन जोड़े थे।

## मनोरंजन

# लाइव परफॉर्म करते हुए स्टेज पर गिरीं विद्या बालन

**खुद को संभालकर तुरंत पूरा किया स्टेप, बोलीं- माधुरी के भरोसे ही परफॉर्म किया**

नई दिल्ली। शुक्रवार को कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित की अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 3' का गाना 'आमी जे तोमर' का नया वर्जन रिलीज किया गया।

मुंबई में हुए एक इवेंट में इस गाने को लॉन्च करते हुए विद्या बालन और माधुरी दीक्षित ने इसी गाने पर लाइव परफॉर्मेंस दी।

इस परफॉर्मेंस के दौरान विद्या का पांव साड़ी में फंसा और वो स्टेज पर गिर पड़ीं। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस मोमेंट को बड़ी ही खूबसूरती से हैंडल करते हुए डांस स्टेप में बदल दिया। मुंबई के रॉयल ओपेरा हाउस में रखे गए इस सॉन्ग लॉन्चिंग इवेंट में कार्तिक, विद्या और माधुरी समेत फिल्म के मेकर्स भी मौजूद थे।



यहां विद्या और माधुरी ने गाने पर परफॉर्म करते हुए इसे लॉन्च किया। इसी परफॉर्मेंस के दौरान विद्या डांस करते हुए स्टेज पर गिरीं और जमीन का बैठ गईं।

हालांकि, उन्होंने तुरंत इस पल को संभाल लिया और किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उनके साथ क्या हुआ है।

# 50 साल की हुई रवीना टंडन

## कभी किसिंग सीन नहीं फिल्माया, फिल्म में छोटे कपड़े पहनने से मना किया, मां-बाप को याद कर रोईं

**मुंबई, एजेंसी**

'मैं पर्दे पर किसिंग सीन्स को लेकर कंफर्टेबल नहीं हूं। मेरी एक बाउंड्री है, मैं उसे कभी क्रॉस नहीं कर सकती। एक फिल्म में मुझे शॉर्ट ड्रेस पहनने को कहा गया। मैंने साफ मना कर दिया। मुझे लगता है कि सुंदर दिखने के लिए छोटे कपड़े पहनना जरूरी नहीं है। फिल्में कहानियों से चलती हैं, न कि हीरोइनों के छोटे कपड़े पहनने से।'

रवीना टंडन ने 50वें जन्मदिन पर दिए इंटरव्यू में यह बात कही। 26 अक्टूबर, 1974 को जन्मीं रवीना के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन इन्होंने अपने उसूलों से कभी समझौता नहीं किया।



एक वक्त पर रवीना की खूबसूरती के काफी चर्चे थे। यहां तक की पड़ोसी देश पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी इनकी सुंदरता के कायल थे।

### इंटर्नशिप करने बाहर निकलीं, तब सही मायनों में बाहरी दुनिया से परिचय हुआ

रवीना ने आगे कहा, 'जब 8वीं में थी, तभी पापा को एक फिल्म के लिए असिस्ट किया था। 10वीं के बाद मैं प्रहलाद कक्कड़ (जाने-माने ऐड डायरेक्टर) के अंडर इंटर्नशिप करने लगी। वहां से ऐड फिल्म मेकिंग, प्री और पोस्ट प्रोडक्शन जैसी चीजें सीखने को मिलीं। इस दौरान मेरा परिचय बाहरी दुनिया से हुआ। पहली बार ट्रेन और बस में ट्रैवल किया, लोगों से मिलना-जुलना हुआ। एक तरह से पहली बार मुझे बाहरी एक्सपोजर मिला।'

### बालों में तेल और दो चोटी करके स्कूल जाती थीं रवीना

रवीना ने कहा, 'आप यकीन नहीं करेंगे, बचपन में मैं बहुत मोटी थी। बालों में तेल और दो चोटी करके स्कूल जाती थी। किसी को नहीं लगा था कि मैं कभी एक्ट्रेस बन पाऊंगी। मेरे से ज्यादा मेरा भाई एक्टिंग में इंटरेस्टेड था। मेरा मन एक्टिंग नहीं, डायरेक्शन में था।'



## सास की बर्थडे पार्टी में फोटोग्राफर का हाथ पकड़कर खींचा, बोले- आप लोग क्या कर रहे हो?

# पैपराजी पर चिल्लाए रणबीर सहमी दिखीं आलिया भट्ट



मुंबई। आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने बीते 25 अक्टूबर को अपना 68वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर उन्होंने मुंबई के एक रेस्त्रां में पार्टी होस्ट की जिसमें उनके पति महेश भट्ट, बेटी आलिया भट्ट और दामाद रणबीर कपूर भी शामिल हुए। इस पार्टी से बाहर निकलते वक्त जब रणबीर और आलिया को पैपराजी ने घेरा तो रणबीर पैप्स पर चिल्ला पड़े। उन्होंने एक फोटोग्राफर का हाथ पकड़कर दूसरी तरफ खींच लिया। ऐसे में रणबीर ने पहले तो पैप्स पर चिल्लाया कि आप लोग क्या कर रहे हैं ? और फिर एक फोटोग्राफर का हाथ खींचकर उसे अपनी कार के गेट दूसरी तरफ धकेल दिया।



### आलिया ने नहीं दिया कोई रिएक्शन

इस पूरे इंसीडेंट के दौरान आलिया चुप-चाप रहीं। कई यूजर्स का कहना है कि आलिया का बिहेवियर हमेशा से कुछ था। एक फैन ने लिखा- रेस्त्रां में जाते समय एक्ट्रेस उदास लग रही थीं। वे आम तौर पर पैप्स को देखकर मुस्कुराती हैं लेकिन आज उन्होंने अपनी आंखें नीचे रखीं और कुछ नहीं कहा।'

### भट्टंसभी को ड्रॉप करने कार तक आए रणबीर

सोनी की इस पार्टी से सभी मेहमान एक-एक करके बाहर निकले। रणबीर इन सभी को कार तक ड्रॉप करने आए। पहले उन्होंने सुसर महेश भट्ट को बाहर ड्रॉप किया और फिर अपनी मां नीतू को भी कार तक छोड़ने आए। मौके पर मौजूद ढ़ेर सारे पैप्स को देखकर रणबीर पहले से ही काफी झल्ला रहे थे। इसी बीच जब वे आलिया के साथ निकले तो एक फोटोग्राफर उनकी कार और आलिया के बेहद नजदीक पहुंच गया।

### इंसीडेंट पर यूजर्स ने दिया मिला-जुला रिएक्शन

इस इंसीडेंट का वीडियो वायरल होने के बाद जहां एक तरफ फैंस रणबीर का सपोर्ट कर रहे हैं। वहीं कई यूजर उन्हें इस बिहेवियर के लिए ट्रोल भी कर रहे है।

# कुछ-कुछ होता है देखना चाहते थे वरुण

नई दिल्ली। वरुण धवन ने हाल ही में अपने पिता डेविड धवन की फिल्म बड़े मियां और छोटे मियां के रिलीज के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'बड़े मियां और छोटे मियां का क्लैश करण जौहर की फिल्म कुछ कुछ होता से हुआ था। मुझे याद है कि मैंने करण की फिल्म देखने की इच्छा जताई, जिससे मेरे पिता काफी गुस्सा हो गए थे। उन्होंने मुझे कहा था कि मैं यहीं लंदन की सड़कों पर छोड़कर तुम्हें चला जाऊंगा।' बातचीत के दौरान वरुण धवन ने कहा, 'बड़े मियां छोटे मियां का प्रीमियर लंदन में हुआ था। मुझे नहीं पता कि उन्होंने इसे वहां क्यों किया और निर्माताओं ने हमें एक लिमोजिन (एक बड़ी और शानदार गाड़ी होती है) दिलवाई थी, जिस पर गोविंदा और अमिताभ बच्चन के चेहरे लगे हुए थे। हम उस लिमोजिन में लंदन की सड़कों से गुजर रहे थे। लेकिन मैं कुछ कुछ होता है फिल्म देखना चाहता था। मैं उस समय करण को जानता भी नहीं था।'वरुण ने कहा, 'कुछ कुछ होता है मुझे काफी कूल फिल्म लगी। मैंने अपने पापा से कहा मुझे ये फिल्म देखनी है, तो उन्होंने मुझे कहा बस करो, मैं तुम्हें यहीं लंदन की सड़कों पर छोड़ दूंगा। मुझे याद है कि मैंने उनसे कहा था कि आप बच्चों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं कर सकते। बड़े मियां का पहला दिन मास फैक्टर की वजह से बड़ा था, लेकिन जाहिर है कुछ कुछ होता है ने बड़ी लोकप्रियता हासिल की। आखिरकार मुझे करण जौहर ने ही लॉन्च किया।'

